उज्जैन
गुरुवार
05
फरवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-94
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



कल्कि के सीक्वल से दीपिका के बाहर होने की चर्चा साई पल्लवी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी, मेकर्स ने तोड़ी चुप्पी



## यूपी में एसआईआर पर आर-पार के मूड में अखिलेश यादव

**लखनऊ।** यूपी में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी एसआईआर में सपा की तरफ से बड़ी धांधली का आरोप लगाया जा रहा है। अखिलेश यादव खुले तौर पर कह रहे हैं कि आयोग और भाजपा दोनों मिले हुए हैं। सुनियोजित और संगठित तरीके से लोगों के नाम काटने की तैयारी है। इन पर चुनाव आयोग की नियमावली में दिए गए प्रावधानों के तहत एफआईआर होनी चाहिए। अखिलेश पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तरह आक्रामक हैं। सपा के आरोपों की जमीनी हकीकत क्या है? इसे लेकर एक्सपर्ट का क्या कहना है? आयोग अपने ऊपर लग रहे आरोपों पर क्या कह रहा है और भाजपा का क्या पक्ष है?



## अमेरिकी अखबार में छंटनी-शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को बड़े पैमाने पर छंटनी की। इस छंटनी में वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय मामलों के कॉलमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं। ईशान थरूर कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। उन्होंने लिखा कि वॉशिंगटन पोस्ट और इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाला गया है और यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है। कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इसके चलते लगभग 30% कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। इसमें न्यूजरूम के करीब 800 पत्रकारों में से 300 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा अनिल अंबानी देश नहीं छोड़ेंगे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल धीरुभाई अंबानी ग्रुप जुड़े 40 हजार करोड़ के बैंक फ्रॉड केस में जांच एजेंसियों पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा- सीबीआई और ईडी जांच में देरी का कारण नहीं बता सकीं। दोनों एजेंसियां पहले ही काफी समय ले चुकी हैं। आगे ऐसी ढिलाई बर्दाश्त नहीं करेंगे। चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस विपुल एम. पंचोली की बेंच ने सीबीआइ और ईडी से चार हफ्ते में ताजा स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। कोर्ट ने यह रिकॉर्ड किया कि अनिल अंबानी उसकी पूर्व अनुमति के बिना देश नहीं छोड़ेंगे।



## दोस्त के फोन में देखी थी बहन की न्यूड फोटो, दुबई में मर्डर का प्लान बनाया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सुहेब हत्याकांड में खुलासा हुआ है। पुलिस जांच में पता चला है कि सुहेब और जिशान दुबई में साथ काम करते थे। इसी दौरान जिशान ने सुहेब के मोबाइल में अपनी बहन की न्यूड फोटो देख ली थीं, जिसके बाद उसे दोनों के बीच अफेयर होने का शक हुआ। जिशान ने दुबई में ही सुहेब की हत्या की योजना बनानी शुरू कर दी, लेकिन उसे वहां ऐसा करने का अवसर नहीं मिला। लगभग डेढ़ साल बाद जब दोनों भारत वापस लौटे, तो जिशान ने अपनी योजना पर काम करना शुरू कर दिया। हालांकि, भारत लौटने के बाद सुहेब ने जिशान से उसकी बहन के साथ शादी करने की बात भी कही, लेकिन जिशान इसके लिए तैयार नहीं हुआ। जब जिशान ने अपनी बहन से दोनों के अफेयर के बारे में पूछा, तो उसने इससे इनकार कर दिया।

# मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 31 घंटे बाद जाम खुला

## टैंकर पलटने से रास्ता बंद था, गाड़ियों की 25किमी लंबी कतारें, डेढ़ लाख से ज्यादा लोग फंसे थे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई/पुणे

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर करीब 31 घंटे बाद गुरुवार सुबह ट्रैफिक जाम खुल गया। यहां 3 फरवरी से डेढ़ लाख वाहनों में लोग फंसे थे। गाड़ियों की 25 किमी लंबी कतारें लग गई थीं। जाम में फंसे लोगों को खाना, पानी और टॉयलेट सुविधाओं की कमी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस जाम में फंसे लोगों में उद्योगपति और पिनैकल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुधीर मेहता भी शामिल थे। वे एक्सप्रेसवे पर लगभग आठ घंटे तक फंसे रहे और बाद में उन्हें हेलिकॉप्टर से पुणे ले जाया गया। मेहता ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हेलिकॉप्टर से ली गई जाम की तस्वीर शेयर की।





मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट सेक्शन में 3 फरवरी की शाम करीब 5 बजे अडोशी टनल के पास एक गैस टैंकर पलट गया था। टैंकर से प्रोपाइलीन गैस लीक हो रही थी। इसके बाद सुरक्षा कारणों से एक्सप्रेसवे के कई हिस्से बंद करने पड़े थे। महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अनुसार, टैंकर में मौजूद प्रोपाइलीन गैस को दूसरे टैंकरों में ट्रांसफर किया गया। फिर क्षतिग्रस्त टैंकर को रास्ते से हटाया गया। तब जाकर जाम धीरे-धीरे खुलना शुरू हुआ।

### एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारत पेट्रोलियम की टीमें तैनात

गैस लीक के बाद हालात संभालने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और भारत पेट्रोलियम की टीमें मौके पर तैनात की गई थीं। पुणे से मुंबई जाने वाली लेन पूरी तरह बंद कर दी गई थी और ट्रैफिक को पुराने मुंबई-पुणे हाईवे की ओर डायवर्ट किया गया था। स्थिति को कुछ हद तक संभालने के लिए पुणे लेन से मुंबई की ओर 15-20 मिनट के ब्लॉक में गाड़ियां जा रही थी।

### दावा- डोभाल की बैकडोर बातचीत के बाद अमेरिकी ट्रेड डील

## विदेश मंत्री से कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली/वाशिंगटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरूआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है।



## मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल का 27 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ २०२८ को लेकर विभिन्न प्रोजेक्ट पर तेजी से काम किया जा रहा है ताकि इन्हें तय समय सीमा पर पूरा किया जा सके। इसी कड़ी में मेडिसिटी परियोजना अंतर्गत मेडिकल कॉलेज और हॉस्टल का 27 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा हो चुका है। बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन द्वारा छात्रावास के 4 बहुमंजिला भवनों का काम छत तक पूरा किया जा चुका है। फिलहाल तेजी से इसका काम किया जा रहा है।

21 नवंबर 2024 को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने करीब 592.33 करोड़ रुपए की लागत से 14.97 एकड़ जमीन पर बनने वाली मप्र की पहली हाईटेक मेडिसिटी और शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमिपूजन किया था। इस योजना के तहत नए अस्पताल, कॉलेज और हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। यह मेडिसिटी शहर और आसपास के इलाकों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी। इससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिलेगा। यह परियोजना राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगी। बिल्डिंग डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के डीजीएम निशांत पचौरी,, प्रबंधक फैजान हुसैन और तरुण मित्रा की टीम द्वारा इस प्रोजेक्ट को लीड किया जा रहा है। साथ ही जे पी स्ट्रक्चर गुजरात इसकी कॉन्ट्रैक्ट फर्म है।



पिछले साल 23 दिसंबर को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा और सीएम डॉ. मोहन यादव मेडिसिटी पहुंचे थे। यहां उन्होंने काम की प्रगति देखी और अब तक क्या-क्या काम हुआ, इसकी जानकारी संबंधित इंजीनियर से ली थी। मेडिसिटी परियोजना में शहर में 150 सीट का गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, 550 बेड का सुपर और मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल, 11 ऑपरेशन थिएटर, आधुनिक लाइब्रेरी, 276 वाहन क्षमता की मल्टीलेवल कार पार्किंग और 1211 बेड के चार हॉस्टल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा डायग्नोस्टिक सेंटर, फामेर्सी, चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान केंद्र, वेलनेस केंद्र, आयुष अस्पताल, पैरामेडिकल कॉलेज, एकीकृत स्वास्थ्य सेवाएं, ईको-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर और स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा देने वाली सुविधाएं भी होंगी।

### भाजपा सुप्रीमो नवीन की टीम में बढ़ सकता है मध्य प्रदेश का कद

## अभी जटिया, धुर्वे एवं आर्य तीन शामिल इस बार इसके बढ़ने की संभावना प्रबल

### प्रदेश से महिला एवं युवा को भी नई टीम में अच्छे पद मिलने की आस जगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

लोकसभा में प्रदेश से भाजपा को सभी 29 सीटों पर विजय मिली थी। मध्यप्रदेश एक मात्र ऐसा प्रदेश है जहां से लोकसभा में एक भी विपक्षी नहीं हैं। ऐसे में भाजपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में मध्य प्रदेश का प्रभाव बढ़ने की प्रबल संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। बिहार में हाल ही में हुए चुनाव में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री का भी जादू चला था। अभी तक भाजपा सुप्रीमों टीम में मध्य प्रदेश से संसदीय बोर्ड में अनुसूचित जाति के वरिष्ठ नेता डा.सत्यनारायण जटिया सदस्य हैं। इसके अलावा ओम प्रकाश धुर्वे राष्ट्रीय सचिव और लाल सिंह आर्य अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष हैं।

नए भाजपा सुप्रीमों नितिन नवीन से पार्टी की सियासत में मध्यप्रदेश को अपने प्रभाव के अनुसार वजूद मिलने की प्रबल संभावना है। एक समय थावरचंद गहलोत और नरेंद्र सिंह तोमर दोनों ही राष्ट्रीय महासचिव थे। ऐसे में माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की टीम में मध्य प्रदेश का भी प्रभाव बढ़ सकता है।



मध्य प्रदेश हमेशा से ही भाजपा के लिए एक प्रयोगशाला की तरह रहा है। हिंदू महासभा हो या जनसंघ, दोनों की जड़ें मध्य प्रदेश में मजबूत रही हैं। यही कारण है कि भाजपा यहां लंबे समय से सत्ता में काबिज है। संगठन की मजबूती की दूसरी वजह यहां के कुशल संगठनकर्ता भी माने जा सकते हैं। कुशाभाऊ ठाकरे, प्यारेलाल खंडेलवाल और अटल बिहारी वाजपेयी जैसे दिग्गज मध्य प्रदेश की राजनीति से ही देशभर में लोकप्रिय हुए।

### विजयवर्गीय सहित 4 शामिल थे

एक समय पूर्व अध्यक्ष जेपी नड्डा की टीम में मध्य प्रदेश से कैलाश विजयवर्गीय सहित चार नेताओं को स्थान मिला था। इस बार भी चार से पांच नेताओं को नितिन नवीन की टीम में स्थान मिलने की संभावना है। इसमें एक या दो महिलाएं भी शामिल हो सकती हैं। इसके साथ ही युवा नेताओं को भी अवसर मिल सकता है। इसके पूर्व जेपी नड्डा की टीम में कैलाश विजयवर्गीय भी राष्ट्रीय महासचिव हुआ करते थे, लेकिन दो वर्ष पूर्व वह राज्य में मंत्री बना दिए गए। पार्टी नेताओं का मानना है कि चूंकि पूर्व में राष्ट्रीय कमेटी में प्रदेश से दो-दो महासचिव एक साथ रहे हैं। ऐसे में क्षेत्रीय स्तर पर संतुलन बनाने एवं भाजपा के वर्तमान वजूद को बनाए रखने के लिए नवीन की टीम में भी मध्यप्रदेश को पूरा वजूद मिलना तय माना जा रहा है।



ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, गुरुवार 05 फरवरी, 2026



# महाशिवरात्रि पर्व पर 10 लाख भक्त आएंगे

## आम श्रद्धालुओं को डेढ़ और पासधारियों को एक किमी पैदल चलना पड़ेगा, जानिए कहां से मिलेगा प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाशिवरात्रि महापर्व 2026 (15 फरवरी) पर भगवान महाकाल के दर्शन के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस अवसर पर सामान्य श्रद्धालुओं को लगभग डेढ़ किलोमीटर और 250 रुपए की शीघ्र दर्शन रसीद या पासधारी श्रद्धालुओं को करीब एक किलोमीटर पैदल चलने के बाद भगवान महाकाल के दर्शन होंगे।

भक्तों को सुलभ और सुरक्षित दर्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भस्म आरती दर्शन, लड्डू प्रसाद, पूछताछ केंद्र, पार्किंग, जूता स्टैंड, पेयजल, प्रकाश, सुरक्षा और अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर मंदिर परिसर में अहम बैठक आयोजित की गईं। जिसमें कई निर्णय लिए गए। बैठक में कलेक्टर एवं मंदिर प्रशासक रौशन सिंह, प्रथम कौशिक, डीआईजी नवनीत भसीन, एसपी प्रदीप शर्मा, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्र, सहायक प्रशासक आशीष फलवाडीया सहित मंदिर समिति के अधिकारी मौजूद रहे।



### सामान्य श्रद्धालुओं की प्रवेश-निर्गम व्यवस्था

सामान्य श्रद्धालु भील समाज धर्मशाला के समीप बने द्वार से प्रवेश करेंगे। वे भील समाज धर्मशाला, चारधाम मंदिर पार्किंग, शक्ति पथ, त्रिवेणी संग्रहालय के समीप, नंदी द्वार, श्री महाकाल महालोक, मानसरोवर भवन, फेसेलिटी सेंटर-01, टनल, नवीन टनल-01 होते हुए गणेश मंडपम से भगवान महाकाल के दर्शन कर सकेंगे। दर्शन के बाद श्रद्धालु आपातकालीन निर्गम द्वार से बाहर निकलकर बड़ा गणेश मंदिर, हरसिद्धि मंदिर चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जाएंगे।

शीघ्र दर्शन 250 रुपए टिकटधारी श्रद्धालुओं के लिए अलग से बैरिकेटिंग की गई है। ये श्रद्धालु भील समाज धर्मशाला, चारधाम मंदिर पार्किंग, अशोक सेतु, मानसरोवर भवन, फेसेलिटी सेंटर-01, टनल, नवीन टनल-01 होते हुए गणेश मंडपम से दर्शन करेंगे। इसके अलावा शीघ्र दर्शन टिकटधारी श्रद्धालु हरसिद्धि पाल पार्किंग, बड़ा गणेश गली, प्रीपेड बूथ तिराहा, शहनाई जिगजेग, द्वार क्रमांक-01 से मंदिर में प्रवेश कर दर्शन कर सकेंगे।

महाशिवरात्रि पर्व पर भस्म आरती के लिए पंजीयनधारी श्रद्धालुओं का प्रवेश मानसरोवर भवन और द्वार क्रमांक-01 से निर्धारित किया गया है।

### पार्किंग सुविधा के लिए

- **पार्किंग :** सामान्य श्रद्धालु के लिए कर्कराज पार्किंग, मेघदूत पार्किंग में व्यवस्था की गई है। शीघ्र दर्शन टिकटधारी श्रद्धालुओं के लिए कार्तिक मेला ग्राउंड, राणौजी की छत्रि, शगुन गार्डन, महाकाल मंडपम पर व्यवस्था की गई है।
- **जूता स्टैंड :** सुविधा के लिए भील समाज धर्मशाला, झालरिया मठ एवं हरसिद्धि पाल पर व्यवस्था की गई।
- **शीघ्र दर्शन काउंटर :** कर्कराज पार्किंग, हरसिद्धि पाल पार्किंग पर की जाएगी।
- **लड्डू प्रसाद :** काउंटरों की व्यवस्था नृसिंहघाट रोड पर एवं हरसिद्धि रोड पर की जाएगी।

### प्रशासन की अपील

मंदिर समिति और प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित मार्गों का पालन करें, सुरक्षा व्यवस्था में सहयोग करें और धैर्य बनाए रखें, जिससे सभी भक्त सुचारू रूप से भगवान महाकाल के दर्शन कर सकें।

## खबर एक नजर...

### 60 साल की वृद्धा को लगा करंट

**उज्जैन।** विजयागंज मंडी में रहने वाली पेराबाई पति गोपी जाटवा 60 साल बुधवार सुबह बाथरूम में नहाने गई थी। जहां पानी गरम करने की इलेक्ट्रिक रॉड से करंट लगा गया। पेराबाई को पुत्र अक्षय उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर पहुंचा। पेराबाई बेहोशी की हालत में थी, डॉक्टरों ने उपचार के लिये भर्ती किया। मामले की सूचना अस्पताल पुलिस चौकी को दी गई है।

### असलावदा रेलवे ट्रेक पर मिली वृद्ध की कटी लाश

**उज्जैन।** असलावदा रेलवे स्टेशन के आगे ट्रेक पर बुधवार दोपहर एक वृद्ध की कटी लाश मिलना सामने आया है। सूचना मिलने पर जीआरपी पहुंची और शव को कपड़े में बांधकर चरक अस्पताल के पोस्टमार्टम कक्ष लाया गया। जीआरपी ने बताया कि दोपहर 2 बजे के लगभग पैसेंजर ट्रेन से एक व्यक्ति के असलावदा रेलवे ट्रेक पर कटने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने के बाद सामने आया कि मृतक के दोनों पैर कटे है। उसकी वेशभूषा साधू के रूप में है। उम्र 60 से 65 साल है। शव को कपड़े में बांधकर चरक अस्पताल लाया गया और पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया। उसके कपड़ों की तलाशी लेने पर कुछ रुपए, तम्बाकू की डिब्बी मिली। कुछ कागजात भी थे, जिसके आधार पर उसकी पहचान के प्रयास किये जा रहे है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मृतक वृद्ध ट्रेन से गिरा है या फिर उसके साथ हादसा हुआ है। पहचान और जांच के बाद ही घटना की स्थिति स्पष्ट हो पायेगी।

### जूना सोमवारिया में आटो ने बाइक सवार को मारी टक्कर

**उज्जैन।** ग्राम खमासा में रहने वाला विक्रम पिता बाबूलाल परमार सब्जी बेचने का काम करता है। बुधवार को सब्जी की खरीददारी करने चिमनगंज सब्जी मंडी आया था। जहां से बाइक पर सब्जी लेकर वापस अपने गांव लौट रहा था। जूना सोमवारिया क्षेत्र में तेजगति से आये आटो ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में विक्रम घायल हो गया। चालक आटो लेकर भाग निकला। जीवाजीगंज पुलिस ने आटो चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। आटो से दुर्घटना का एक मामला मंगलवार-बुधवार रात जूना सोमवारिया रिंगरोड पर हुआ। एहमद नगर में रहने वाला राजा पिता अब्दुल कादीर 23 साल इस्लाम की सबसे मुकद्दस और आध्यात्मिक रात होने पर कब्रिस्तान गया था, जहां से वापस लौटते वक्त उसे आटो ने टक्कर मार घायल कर दिया। उक्त मामले में भी जीवाजीगंज थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है।

### महाशिवरात्रि पर सतत 44 घंटे महाकाल दर्शन



**उज्जैन।** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर श्री महाकालेश्वर मंदिर में भक्तों को इस बार भी लगातार 44 घंटे दर्शन का लाभ मिलेगा। बारह ज्योतिलिंर्गों में केवल महाकालेश्वर मंदिर में साल में एक बार महाशिवरात्रि पर यह विशेष व्यवस्था होती है। मंदिर के पट 14 फरवरी को देर रात 2:30 बजे खोले जाएंगे। इसके बाद दर्शन का क्रम लगातार शुरू होगा, जो 16 फरवरी रात 11 बजे शयन आरती के बाद पट बंद होने तक जारी रहेगा। महाशिवरात्रि पर 15 फरवरी को शयन आरती नहीं होगी। इस बार 16 फरवरी की भस्मआरती दोपहर 12 बजे संपन्न कराई जाएगी।

### 15 फरवरी महाशिवरात्रि से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक व्यापार मेला

# प्रथम निविदा में 35 फीसदी दुकानों की निलामी

## चौपहिया बेचने वालों का आकर्षण इस वर्ष भी बरकरार, दो पहिया में कमजोर स्थिति

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

विक्रम व्यापार मेले को लेकर चौपहिया वाहन बेचने वालों का आकर्षण लगातार तीसरे वर्ष भी बरकरार है । तीसरे वर्ष के मेले के लिए प्रथम निविदा में ही चौपहिया के लिए आरक्षित 123 शाप में से 72 निलामी में चली गई हैं । इसकी अपेक्षा दो पहिया वाहन बेचने वालों की कमजोर स्थि?ति सामने आ रही है। कुल निर्धारित 40 में से 15 दुकानें ही निलामी में जा सकी हैं । इस बार कुल 261 दुकानों में से प्रथम निविदा में 91 दुकानें निलाम हो चुकी हैं। शेष 170 के लिए दुसरी निविदा खुलने वाली है एवं तीसरी आमंत्रित की जाने वाली है।

उज्जैन में 15 फरवरी महाशिवरात्रि से 19 मार्च गुड़ी पड़वा तक व्यापार मेला लगाया जाएगा। मेले की सुरक्षा को देखते हुए सम्पूर्ण मेला क्षेत्र का 20 करोड़ का सुरक्षा बीमा नगर निगम द्वारा करवाया जाएगा। प्रशासनिक ट्रेनिंग से लौटकर निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा ने सोमवार को ज्वाईन करने के उपरांत मेला आयोजन की तैयारी को लेकर बैठक ली है। श्री मिश्रा ने प्रस्तावित व्यापार मेले में नगर निगम द्वारा व्यवस्थाएं और सुरक्षा का पूरा ध्यान रखने के निर्देश दिए है। इसके लिए मेले का लेआउट डालने का कार्य, शौचालय की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, सिविल वर्क, कंट्रोल रूम, इत्यादि जो भी व्यवस्थाएं समय पूर्व करने को कहा है।

**261 में से 91 दुकानें निलाम-** नगर निगम द्वारा शासकीय इंजीनियरिंग कालेज परिसर में व्यापार मेले का यह दुसरा आयोजन किया जा रहा है। विक्रम व्यापार मेले का आयोजन पहली बार दशहरा मैदान,कालिदास अकादमी के पीछे एवं पीजीबीटी मैदान परिसर में आयोजित किया गया था। इस वर्ष के प्रस्तावित मेला के लिए नगर निगम ने कुल 261 दुकानों के लिए प्रथम आनलाईन निविदा जारी की थी। इनमें से 91 दुकानें निलामी में दी गई हैं। 170 दुकानों की निलामी के लिए द्वितीय निविदा जारी की गई थी जिन्हें खोलने का क्रम जारी है। इस बीच शेष बचने वाली दुकानों के लिए तीसरी निविदा जारी की जाएगी।

**चौपहिया की आधी से अधिक दुकानें निलाम-** मेले में तीसरी बार भी चौपहिया विक्रेताओं का रूझान बरकरार है। इस वर्ष नगर निगम ने चौपहिया वाहन विक्रेताओं के लिए कुल 123 दुकानें रखी हैं जिसमें से प्रथम निविदा में 72 दुकानें निलाम हो गई हैं। दो पहिया के लिए 40 दुकानें रखी गई थी जिसमें से मात्र 15 ही प्रथम निविदा में निलाम हुई। बैंकों के लिए 10 में से 3 दुकानें निलाम हुई हैं। कार डेकोरेशन की 5 में से 1,इलेक्ट्रानिक की 10 में से एक भी दुकान निलाम नहीं हुई हैं। खाद्य सामग्री की 8,आरटीओ कार्य की 5 एवं जनरल शाप की 60 दुकानों में से प्रथम निविदा में एक भी दुकान निलाम नहीं हुई।

# ईओडब्ल्यू एसपी के बंगले में घुसी युवती

## खुद को कार में लॉक कर बजाने लगी हॉर्न पहले मौन रहीं, फिर बदलती रही बयान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में बुधवार को आर्थिक अपराध अनुसंधान (एडह) के पुलिस अधीक्षक समर वर्मा के सरकारी आवास परिसर में एक युवती घुस गई। उसने खुद को कार में बंद कर लिया। घटना का खुलासा तब हुआ जब वह अचानक कार का हॉर्न बजाने लगी। आवाज सुनकर स्टाफ बाहर आया तो देखा कि एक युवती कार के अंदर से खुद को लॉक करके बैठी हुई थी। जब उसे बाहर निकालकर पूछताछ की तो वह पहले काफी देर तक मौन रही। बाद में अपने बयान बदलती रही। इस पर एसपी वर्मा ने माधव नगर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को हिरासत में ले लिया। फिलहाल उससे पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे के कारणों का पता चल सके। माधव नगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि युवती के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई है और पूरे मामले की गहन जांच जारी है।

### बजट को बताया हर वर्ग का, शहर के विकास के लिए पांच हजार करोड़ मिलेंगे

# सिंहस्थ में तीन घंटे में महाकाल के दर्शन मिलेंगे-मंत्री टेटवाल

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन जिले के प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने केन्द्रीय बजट को लेकर बुधवार को प्रेस से चर्चा कर प्रदेश को बजट से क्या क्या मिला इसकी रूपरेखा बताई। मंत्री टेटवाल ने बताया कि केंद्र सरकार ने उज्जैन शहर के विकास के लिए पांच हजार करोड़ मिलने की बात कही। हालांकि मंत्री टेटवाल आकंड़ो में उलझ गए और उन्होंने सिंहस्थ कुंभ के लिए चल रहे कार्यों की राशि 40 हजार करोड़ रुपए बता दी।


देवास रोड स्थित होटल में मंत्री टेटवाल ने पत्रकार वार्ता में केंद्रीय बजट को लेकर चर्चा कि। इस दौरान पत्रकार वार्ता में भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल, ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजेश



धाकड़, प्रभुलाल जाटवा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी सचिन सक्सेना, जिला मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा, राकेश पंड्या, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा शामिल रहे। मंत्री टेटवाल ने कहा कि बजट आम आदमी के लिए था। इस बार टेक्स नहीं बढ़ाया गया ये सबसे बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि केंद्र और मध्य प्रदेश शासन मिलकर कुम्भ मेले के हर काम को गुणवत्ता पूर्ण और समय पर पूरा करेंगे। अभी 40 हजार करोड़ के कार्य चल रहे है। कार्य पुरे होने के बाद दुनिया भर से आने वाले श्रद्धालु कुम्भ में सरल सुलभ शिप्रा नदी में डुबकी लगा सकेंगे। उन्होंने कहा की प्रदेश सरकार गांव गरीब किसान और बहनो के लिए काम कर रही है, बड़े छात्रावास खोलने जा रहे हैं। कैंसर की दवा सस्ती होगी , हर वर्ग की चिंता की गई है। बजट में ,उज्जैन में सिंहस्थ कुम्भ को लेकर नए स्टेशन बनने जा रहे है , सिंहस्थ में जो डुबकी लगाने आएंगे भक्त उनको शहर में चौड़ी सड़क से लाभ मिलेगा, उस दौरान 2 घंटे में बाबा महाकाल के दर्शन मिल सकेंगे ऐसी व्यवस्था करने जा रहे है। केंद्र धर्मस्य विभाग के लिए 5 हजार करोड़ दिया है। हर क्षेत्र में उज्जैन का विकास हो रहा है।

उज्जैन
गुरुवार
05
फरवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र


## खबर एक नजर...

### नगर निगम टैंकर की टक्कर से बुजुर्ग गंभीर घायल, दोनों पैर से गुजर गया पहिया

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर इलाके में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे नगर निगम के टैंकर की टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में टैंकर का पहिया बुजुर्ग के पैरों से गुजर गया, जिससे उनके दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद टैंकर चालक मौके से फरार हो गया है, हालांकि पुलिस ने टैंकर को जब्त कर लिया है। चालक की तलाश की जा रही है। आजाद नगर थाना पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना डेली कॉलेज के पास हुई। घायल की पहचान 85 वर्षीय सुंदरलाल पिता गंगादीन निवासी इदरीस नगर के रूप में हुई है। बताया गया कि सुंदरलाल रोज की तरह वॉकर लेकर पैदल घूमने निकले थे। वे घर से कुछ ही दूरी पर पहुंचे थे, तभी नगर निगम के टैंकर ने उन्हें तेज रफ्तार और लापरवाही से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान टैंकर का पहिया सुंदरलाल के पैरों से गुजर गया, जिससे उनके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल उन्हें एमवाय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों का कहना है कि सुंदरलाल सड़क के बिल्कुल किनारे चल रहे थे और टैंकर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मारी। बताया गया है कि सुंदरलाल पहले पुलिसकर्मियों की दाढ़ी कटिंग का काम करते थे। उनके परिवार में तीन बेटे हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### इंदौर में 7वीं कक्षा की छात्रा ने किया सुसाइड

**इंदौर।** इंदौर के आजाद नगर में रहने वाली 7वीं कक्षा की एक छात्रा ने आत्महत्या कर ली। घटना के समय वह घर पर अकेली थी। शाम को जब पिता घर पहुंचे तो उन्होंने बेटी को फंदे पर लटका हुआ देखा। पुलिस ने मामला जांच में ले लिया है। आजाद नगर पुलिस के अनुसार, कृष्णापुरी कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय प्राची ने अपने घर में फांसी लगाई। उसके पिता धर्मेंद्र ने बताया कि मंगलवार शाम को मैं घर पहुंचा था। उस समय दो छोटे बच्चे स्कूल से लौटने के बाद होटल चले गए थे। जब मैंने घर का गेट खोला तो अंदर प्राची फंदे पर लटकी हुई मिली। प्राची करीब एक महीने से तबीयत खराब होने के कारण स्कूल नहीं जा रही थी। दो दिन पहले ही उसने दोबारा स्कूल जाना शुरू किया था। आशंका है कि बीमारी या पढ़ाई के तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया हो। प्राची के पिता चाय-नाश्ते की होटल संचालित करते हैं। प्राची का एक भाई और एक बहन है। पुलिस के मुताबिक, कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। मामले की जांच जारी है।

### इंदौर में किन्नर सपना गुरु ने इच्छा मृत्यु मांगी

**इंदौर।** इंदौर के नंदलालपुरा क्षेत्र से जुड़े किन्नर गुरु सपना पर दो साल पुरानी शिकायत के आधार पर एफआईआर दर्ज होने के बाद मामला तूल पकड़ता जा रहा है। जेल से छूटने के बाद दर्ज हुई एफआईआर को लेकर किन्नर गुरु ने राष्ट्रपति, मुख्यमंत्री, पुलिस कमिश्नर समेत कई प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखे हैं। इन पत्रों में इच्छा मृत्यु की मांग करते हुए सीधे तौर पर कुछ पुलिस अधिकारियों के नाम भी लिखे हैं और उन्हें साजिश में शामिल बताया है। पत्र में सपना ने आरोप लगाया है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उनकी ओर से की गई शिकायतों पर कोई जांच नहीं की गई। हालाकि पंढरीनाथ में दर्ज हुए प्रकरण में किन्नर सपना की अभी गिरफ्तारी नही हुई है। पंढरीनाथ थाना पुलिस द्वारा सपना किन्नर पर एफआईआर दर्ज किए जाने के बाद सपना ने पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह को एक पत्र सौंपा है। इसमें सपना ने बताया कि उसकी लगातार रैकी करवाई जा रही है और उनकी हत्या की साजिश रची जा रही है।

**मप्र सरकार का दावा है कि उसका फोकस प्रदेश के हर वर्ग के संरक्षण और कल्याण पर लेकिन**

# कागजों में सिमटा सामान्य निर्धन वर्ग कल्याण आयोग

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

मप्र सरकार का दावा है कि उसका फोकस प्रदेश के हर वर्ग के संरक्षण और कल्याण पर है। लेकिन हकीकत यह है कि मप्र में सामानय वर्ग के साथ लगातार अनदेखी हो रही है।

इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सामान्य वर्ग के लिए गठित सामान्य निर्धन वर्ग कल्याण आयोग का कही नाम-पता नहीं रख गया है। आयोग कागजों में सिमट कर रह गया है।

आयोग में पदाधिकारी न होने से सवर्णों की आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। यही नहीं मुख्यमंत्री मेधावी योजना पर भी बजट का संकट है।

जबकि एससी-एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों के लिए जहां अलग विभाग है, वहीं योजनाओं और बजट की भरमार है। एससी-एसटी, ओबीसी व अल्पसंख्यकों की समस्याओं को लेकर सरकार हमेशा सजग रहती है। वहीं सामान्य वर्ग को लेकर कभी भी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है। सरकार ने सामान्य वर्ग के हितों के संरक्षण के लिए मध्य प्रदेश राज्य सामान्य निर्धन वर्ग कल्याण आयोग का गठन तो किया, लेकिन यह केवल कागजों तक सीमित रह गया है। स्थिति यह है कि आयोग में लंबे समय से अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या किसी भी पदाधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई है। नेतृत्व के अभाव में सामान्य वर्ग के निर्धन लोगों की सुनवाई पूरी तरह ठप पड़ी है, जिससे इस वर्ग अल्पसंख्यकों के लिए तो समर्पित विभाग और वित्त निगम सक्रिय हैं, लेकिन सामान्य वर्ग के कल्याण के लिए कोई प्रभावी तंत्र नजर नहीं आ रहा है। इसे लेकर अब समाज के विभिन्न हलकों में वर्ग भेद और में विभाजन की लकीरें गहरी होने की चिंता जताई जा रही है। मध्य प्रदेश में संवैधानिक समानता के दावों के बीच प्रशासनिक ढांचा वर्गों में बंटा नजर आता है।



### सामान्य वर्ग के लिए कोई प्रभावी तंत्र नहीं

- यूजीसी के नए नियमों को लेकर उपजा विवाद भले ही सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद कानूनी रूप से थमता दिख रहा हो, लेकिन इसने मध्य प्रदेश में सामान्य वर्ग की उपेक्षा के पुराने जख्मों को फिर से हरा कर दिया है।
- प्रदेश में एससी-एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के नि सर्वांगीण विकास के लिए वर्ष 1991 से ही अलग विभाग काम कर रहा है।
- इसी तरह ल एससी-एसटी और ओबीसी वर्गों की समस्याओं और उनके आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पृथक विभाग व वित्त विकास निगम गठित हैं। इन वर्गों की शिकायतों की सुनवाई के लिए राज्य और केंद्र स्तर पर शक्तिशाली आयोग भी मौजूद हैं।
- इसके उलट, सामान्य वर्ग के लिए न तो है कोई अलग विभाग है और न ही शिकायतों की है सुनवाई के लिए कोई प्रभावी आयोग।

**इंदौर में लव जिहाद फंडिंग केस**

# 26 मामलों के आरोपी पूर्व पार्षद अनवर कादरी को हाईकोर्ट से जमानत

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

लव जिहाद के लिए फंडिंग करने और एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामलों के आरोपी वार्ड-58 से कांग्रेस पार्षद रहे अनवर कादरी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जिला कोर्ट से जमानत याचिका खारिज होने के बाद कादरी ने हाईकोर्ट में अपील की थी, जिसे बुधवार 4 फरवरी को मंजूर कर लिया गया। जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की बेंच ने सुनवाई के बाद याचिका स्वीकार की है। हालांकि जमानत का औपचारिक आदेश आना अभी बाकी है।

**लव जिहाद केस में फंडिंग का आरोप-** यह मामला बाणगंगा थाना क्षेत्र का है। जून 2025 में एक युवती ने साहिल शेख और अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। युवती का आरोप था कि साहिल ने प्रेम जाल में फंसाकर उसका शारीरिक शोषण किया और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया। बुर्का पहनने के लिए भी मजबूर किया गया। जांच के दौरान साहिल शेख ने बयान दिया कि इस तरह के मामलों के लिए अनवर कादरी के जरिए दो लाख रुपए की फंडिंग की जाती थी। इसके बाद पुलिस ने कादरी को मुख्य आरोपी बनाते हुए विभिन्न गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया। केस दर्ज होने के बाद अनवर कादरी फरार हो गया था। लंबे समय बाद उसने कोर्ट में सरेंडर किया, जिसके बाद से वह जेल में बंद था।



**आपराधिक मामलों का रिकॉर्ड-** अनवर कादरी पर एक-दो नहीं, बल्कि एक दर्जन से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें डकैती सहित कई गंभीर अपराध शामिल हैं। डकैती के मामलों के चलते ही उसकी पहचान अनवर डकैत के नाम से बनी।

**पार्षदी भी गई, चुनाव लड़ने पर रोक-** लव जिहाद केस सामने आने के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने संभागायुक्त को पत्र लिखकर कादरी की पार्षदी समाप्त करने की सिफारिश की थी। इसके बाद निगम परिषद में प्रस्ताव पास कर उसकी पार्षदी खत्म की गई। संभागायुक्त डॉ. सुदाम पी. खाड़े ने भी कादरी को पार्षद पद से हटाते हुए चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था।

**जिला कोर्ट ने क्यों खारिज की थी जमानत-** अनवर कादरी ने पहले जिला कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी, जिसे 10 दिसंबर 2025 को खारिज कर दिया गया था। कादरी का तर्क था कि सह-आरोपी साहिल और अन्य को हाईकोर्ट व जिला कोर्ट से जमानत मिल चुकी है, इसलिए उसे भी राहत दी जाए। इस पर जिला कोर्ट ने कहा था कि कादरी पर फंडिंग के आरोप हैं, वह मुख्य आरोपी है, इसलिए जमानत नहीं दी जा सकती।

**इंदौर में चार ब्लॉक में हुआ पानी का सर्वे**

# 9% जल स्रोत दूषित 20 दिन में गंदे पानी की 1851 शिकायतें आई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

भागीरथपुरा में हुई दूषित पेयजल त्रासदी के बाद जिले के इंदौर, महू, देपालपुर और सांवेर ब्लॉक में पानी के 566 सैंपलों की जांच हुई है। 1 से 28 जनवरी तक लिए गए इन सैंपलों में 51 फेल हुए हैं।

यानी कुल सैंपल से 9 प्रतिशत सोर्स ऐसे हैं, जिनका पानी पीने योग्य नहीं मिला। खास बात यह है कि भागीरथपुरा मामले के बाद 13 जनवरी से हर मंगलवार को जिले में जलसुनवाई हो रही है। इसमें दूषित पानी सहित अन्य दिक्कतों की अब तक 1851 शिकायतें आई हैं।

### देपालपुर की स्थिति सबसे खराब

सैंपलों की जांच में सबसे ज्यादा दूषित पानी देपालपुर ब्लॉक में 32% मिला है। सांवेर में 11.49%, महू में 5.77% और इंदौर ब्लॉक में यह 4.14% रहा। आंकड़ों के मुताबिक जिले में जो सर्वे हुआ है, उसमें 42 नल-जल योजनाएं बंद हैं। इसमें राऊ विधानसभा क्षेत्र में 4, सांवेर में 20, देपालपुर में 8, महू में 10 योजनाएं शामिल हैं।

**लिव इन में रखकर धर्म परिवर्तन का बनाया दबाव, बच्चे को भी दी जान से मारने की धमकी**

# नाम बदलकर दोस्ती, हिंदूवादियों ने कराई एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर की हीरानगर पुलिस ने बुधवार रात रेप और धर्म परिवर्तन के मामले में एक व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर की है। पीड़िता हिंदू जागरण मंच के लोगों से मिली थी। इसके बाद उन्होंने थाने जाकर मामले में आरोपी पर एफआईआर कराई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

टीआई सुशील पटेल के मुताबिक 33 साल की महिला की शिकायत पर उसके दोस्त यश चौहान उर्फ मोहम्मद जीशान निवासी धीरज नगर के खिलाफ गंभीर धाराओं में एफआईआर की है। पीड़िता ने बताया कि 2020 में वह पाटनीपुरा में कॉस्मेटिक्स की दुकान पर आती-जाती थी। इस दौरान सिटी वैन का इस्तेमाल करती थी। यश गाड़ी चलाता था। उससे यहीं पहचान हुई।



यश को उसके नाम से ही जानती थी। दोनों में अच्छी बातचीत होती थी। एक दिन यश अपने साथ युवती को मूसाखेड़ी इलाके में अपने कमरे पर ले गया। उसे कहां कि वह पसंद करता है। शादी करना चाहता है। यहां दोनों के बीच में संबंध बन गए। कुछ दिन बाद पता चला कि वह गर्भवती है। यह बात उसने यश को बताई। यश ने कहा कि शादी कर लेंगे। वह उसे लेकर कन्नोद गया। यहां उसके परिवार से मिली तो पता चला कि वह मुस्लिम है। उसका नाम मोहम्मद जीशान है उससे शादी की बात से इंकार कर दिया। उसने यहां धमकी दी कि अगर उसकी बात नही मानी तो पेट में जो बच्चा है उसे मार देगा।

बाद में पीड़िता लेकर मूसाखेडी इंदौर आ गया। अप्रैल 2021 में एक निजी अस्पताल में बेटे को जन्म दिया। यश ने कहां कि वह बेटे को एक ही शर्त पर अपनाएगा कि उसे धर्म बदलना पड़ेगा। इस बात पर पीड़िता ने इंकार कर दिया। कुछ दिन साथ में रहने के बाद पीड़िता यश से अलग रहने लगी। तब यश उसके कमरे पर आने जाने लगा।

19 जनवरी को आखिरी बार यश कमरे पर आया। यहां पीड़िता से सबंध बनाए। वही धर्म परिवर्तन को लेकर दबाव बनाया। फिर से पीड़िता ने इंकार किया तो यश ने बुरी तरह से मारपीट की ओर दीवार से सिर फोड़ दिया। बाद में घायल हालत में पीड़िता को बहन के घर छोड़कर भाग गया। बहन ने पीड़िता को एमवाय में भर्ती करा दिया। 10 दिन बाद छुट्?टी होने पर पीड़िता घर पहुंची। तब उसने बहन को जानकारी दी। यहां करणी सेना के मानसिंह राजावत से उनका संपर्क हुआ तब उन्होने पुलिस को जानकारी दी। बुधवार को पीड़िता मेडिकल कराने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली।

## खबर एक नजर...

### 9 फरवरी तक बगैर विलंब शुल्क जमा हो सकेंगे पीजीडीसीए के परीक्षा फॉर्म

**उज्जैन।** सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय ने पीजीडीसीए सहित कुछ पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा फॉर्म जमा करने की तारीखें घोषित की हैं। विवि ने पीजीडीसीएसए प्रथम सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों के अलावा महाविद्यालयों में संचालित पीजीडीसीए एवं पीजी डिप्लोमा इन कॅरियर गाइडियंस एंड काउंसलिंग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए एमपी ऑनलाइन से परीक्षा फॉर्म जमा करने की तारीखें घोषित की हैं। विद्यार्थी 9 फरवरी तक बगैर विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म जमा कर सकेंगे। 100 रुपए के विलंब शुल्क के साथ 10 से 12 फरवरी तक और 750 रुपए के विलंब शुल्क के साथ 13 से 16 फरवरी तक परीक्षा फॉर्म जमा हो सकेंगे। दो हजार रुपए के विशेष विलंब शुल्क के साथ विद्यार्थी 17 फरवरी से परीक्षा के एक दिन पहले तक परीक्षा फॉर्म जमा कर सकेंगे।

### जिले में 21 मार्च तक लगाये जाएंगे नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**उज्जैन।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपलब्धियों के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर उज्जैन जिले में संकल्प से समाधान अभियान के अन्तर्गत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 21 मार्च तक आयोजित किये जा रहे है। उक्त शिविर आयुष्मान भारत योजना अतर्गत अनुबंधित अशासकीय अस्पतालों के सहयोग से 'पूर्णिमा श्री सेवा संगठन द्वारा आयोजित किये जा रहे है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पटेल ने बताया कि उपरोक्त स्वास्थ्य शिविरों में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक / पैरामेडिकल स्टॉफ द्वारा निरन्तर सेवाए दी जा रही है व शिविर में आने वाले हितग्राहियों की हृदय जांच, आंखों की जांच, स्तन कैंसर जांच प्रदान की जाये।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता यादव को उड़ीसा प्रभारी बनाया

**उज्जैन।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, न्याय योद्धा राहुल गांधी की सहमति से का. अनिल जयहिंद ओबीसी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, देवव्रत यादव राष्ट्रीय सचिव ओबीसी कांग्रेस को उड़ीसा राज्य का प्रभारी मनोनीत किया है।

### इंस्पेक्टर ने उतारे अभिजात्य वर्ग के मुखौटे

# अभिनव रंगमंडल द्वारा आयोजित आयोजित 40 वें राष्ट्रीय नाट्य समारोह में इंस्पेक्टर से मुलाकात प्रस्तुत हुआ





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

आदमी को चाहिए कि वह सिर्फ. अपनी तरक्की पर ध्यान दे यही वह आत्मकेंद्रित सोच है, जो मनुष्य को मनुष्य से काट देती है। और जब संवेदना की जगह स्वार्थ ले ले, तब सभ्य दिखने वाले चेहरे भी क्रूर हो उठते हैं। समारोह की तीसरी संध्या पर, वरिष्ठ रंगकर्मी शरद शर्मा के सधे और परिपक्व निर्देशन में जे. बी. प्रिस्टले द्वारा रचित प्रसिद्ध नाटक ह्लएक इंस्पेक्टर से मुलाकातह्व का प्रभावशाली मंचन हुआ।

वरिष्ठ अभिनेता व नाट्य निर्देशक सुरेन्द्र शर्मा एवं प्रतिभा शर्मा द्वारा किया गया इसका रूपांतरण केवल एक हत्या-जांच नहीं, बल्कि दर्शक को स्वयं के नैतिक परीक्षण के लिए आमंत्रित करता है। दीप प्रज्वलन डॉ अर्चना परमार, कविता शशि भूषण, सुधा शर्मा, कामना भट्ट,रशीम बक्शी द्वारा किया गया।

नाटक की कथा एक असहाय युवती की आत्महत्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसकी जांच के बहाने इंस्पेक्टर धीरे-धीरे खन्ना परिवार के अभिजात्य और स्वार्थपूर्ण जीवन के मुखौटे उतार देता है। सत्ता, धन और प्रतिष्ठा की आड़ में पनप रही अमानवीयता को उजागर करते हुए यह नाटक सहयोग, करुणा और सामाजिक उत्तरदायित्व के मूल्यों को सशक्त ढंग से स्थापित करता है। संवाद-प्रधान इस प्रस्तुति में अभिनय इसकी सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरता है। मिस्टर खन्ना की भूमिका में वरिष्ठ रंगकर्मी गिरिजेश व्यास ने एक आत्ममुग्ध, संवेदनाहीन उद्योगपति को पूरे ठहराव और प्रभाव के साथ साकार किया। इंस्पेक्टर के रूप में अंकित दास का संयमित और रहस्यमय अभिनय दर्शकों को अंत तक बांधे रखता है। श्रीमती खन्ना बनीं शीतल अरोरा ने सामाजिक दिखावे और भीतर की कठोरता के द्वंद्व को बखूबी व्यक्त किया। अन्य भूमिकाओं में यासमीन सिद्दीकी, सचिन वर्मा, सक्षम शर्मा और जजा सिद्दीकी ने संतुलित अभिनय करते हुए कथा की गति और तनाव को प्रभावी बनाए रखा। निर्देशक शरद शर्मा ने अपने रियलिस्टिक रंगानुभव का उपयोग करते हुए कसावट भरा निर्देशन दिया।

# ग्रीन जॉब्स एवं ई-वेस्ट प्रबंधन से जुड़े जॉब रोल्स में नि:शुल्क प्रशिक्षण प्रारंभ

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत युवाओं को उद्योग-उन्मुख एवं भविष्योन्मुखी कौशल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पर्यावरण संरक्षण, ई-वेस्ट प्रबंधन तथा उभरती तकनीकों से संबंधित तीन नए जॉब रोल्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जा रहे हैं। ये पाठ्यक्रम विशेष रूप से ग्रीन जॉब सेक्टर, ई-वेस्ट रीसाइक्लिंग उद्योग तथा द्वशज्ञ आधारित सेवाओं में रोजगार के बढ़ते अवसरों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए हैं।नवीन जॉब रोल्स निम्नलिखित है:(स्क्रैप और ई-कचरे का अपसाइक्लिंग करने वाले कारीगर) स्क्रैप एवं ई-वेस्ट सामग्री को अपसाइक्लिंग कर उपयोगी उत्पाद बनाने का कौशल, जो पर्यावरण अनुकूल एवं सृजनात्मक रोजगार प्रदान करता है। (टेलिकोम ई-वेस्ट हेंडलर) दूरसंचार से संबंधित ई-वेस्ट (जैसे पुराने मोबाइल, टावर उपकरण आदि) के सुरक्षित संग्रहण, हैंडलिंग एवं प्रबंधन का प्रशिक्षण। (टेक्निकल सर्विस ऑपरेटर) इंटरनेट ऑफ थिंग्स आधारित उपकरणों की तकनीकी सेवा, ऑपरेशन एवं रखरखाव से जुड़ा जॉब रोल, जो डिजिटल एवं स्मार्ट टेक्नोलॉजी क्षेत्र में मांग बढ़ा रहा है।प्रशिक्षण के प्रमुख लाभप्रशिक्षण के प्रमुख लाभ में पूर्णतः उद्योग-उन्मुख एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण,नवीनतम तकनीकी प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष अनुभव एवं हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग,सरकारी मान्यता प्राप्त प्रमाण-पत्र (ह्स्क्तस्न स्तर अनुसार) ,रोजगार (प्लेसमेंट) एवं स्वरोजगार दोनों के उत्कृष्ट अवसर ,ग्रीन जॉब्स एवं टेक्निकल सेक्टर में उज्वल करियर संभावनाएं ,प्रशिक्षण पूर्ण होने पर उद्योग भागीदारों से प्लेसमेंट सहायता शामिल है।

### मध्य प्रदेश टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन ने की कलेक्टर, कमिश्नर से मुलाकात

# हजारों परिवारों की आजीविका को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही व्यावहारिक एवं न्यायसंगत निर्णय लिया जाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**





मध्य प्रदेश टूरिस्ट बस ऑपरेटर एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर एवं कमिश्नर से शिष्टाचार भेंट कर वर्तमान परिवहन संबंधी समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान अधिकारियों ने क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) से संबंधित विषयों पर भी गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया तथा टूरिस्ट बस ऑपरेटरों की व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यानपूर्वक सुना।

बैठक के दौरान आरटीओ की ओर से कुछ व्यवस्थाओं को लागू करने हेतु एक माह का समय सुझाया गया, किंतु इसे टूरिस्ट बस ऑपरेटरों के लिए अत्यंत अव्यावहारिक एवं कठिन बताया गया। इस विषय पर सहमति नहीं बन सकी। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि इतनी कम अवधि में आवश्यक व्यवस्थाएँ करना संभव नहीं है और इससे यात्रियों व वाहन मालिकों दोनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

एसोसिएशन द्वारा यह भी बताया गया कि प्रस्तावित तकनीकी एवं संरचनात्मक बदलावों को लागू करने में कम से कम 6 से 8 महीने का समय लगेगा। वर्तमान में इतने संसाधन भी उपलब्ध नहीं हैं कि प्रदेश की लगभग 8000 टूरिस्ट बसों में एक साथ परिवर्तन किया जा सके। ऑपरेटरों ने आशंका व्यक्त की कि यदि बिना पर्याप्त समय और तैयारी के ये बदलाव लागू किए गए तो इसका धार्मिक पर्यटन एवं तीर्थ यात्राओं पर गंभीर और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, जिससे यात्रियों के आवागमन में भारी कठिनाइयाँ उत्पन्न होंगी।

# मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 3 से 17 फरवरी तक

### क्विज में चयनित 8 विषयों पर निबंध लेखन का अवसर प्रदान किया जाएगा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भारत सरकार के युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत संचालित माई भारत (मेरा युवा भारत) प्लेटफॉर्म द्वारा युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ह्लमेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट 2026ह्व का आयोजन किया जा रहा है।

इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को केंद्रीय बजट 2026 से जोड़ना, उनकी आर्थिक एवं नीतिगत समझ को सशक्त बनाना तथा विकसित भारत @2047 के विजन में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम चरण में एक ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। क्विज में सफल प्रतिभागियों को द्वितीय चरण में चयनित 8 विषयों पर निबंध लेखन का अवसर प्रदान किया जाएगा। ये विषय बजट, युवा सशक्तिकरण, रोजगार, शिक्षा, नवाचार, आत्मनिर्भर भारत एवं राष्ट्रीय विकास से संबंधित होंगे। निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद में शामिल होने का विशेष अवसर प्राप्त होगा, जहाँ युवा अपने विचार सीधे देश के सर्वोच्च नेतृत्व के समक्ष साझा कर सकेंगे। मेरा युवा भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन 3 फरवरी 2026 से 17 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से किया जाएगा। देशभर के युवा मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण कर इस अभियान में भाग ले सकते हैं। यह पहल युवाओं में नेतृत्व क्षमता, रचनात्मक सोच एवं राष्ट्रीय नीतियों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मेरा युवा भारत सभी युवाओं से आह्वान करता है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएँ। अधिक जानकारी एवं सहभागिता हेतु युवा पंजीकरण कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यालय एवं मेरा युवा भारत से संपर्क कर सकते है '

# रविदास जयंती पखवाड़ा अंतर्गत प्रतिभावान बालिकाओं का किया सम्मान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भाजपा अजा मोर्चा द्वारा संत शिरोमणि रविदास जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास में संगोष्टी का आयोजन किया गया। साथ ही संस्था की प्रतिभावान बालिकाओं का सम्मान भी किया गया।

मोर्चा महामंत्री अनिल सिंदल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नगर जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ प्रभुलाल जाटवा थे। पूर्व महापौर मीना जोनवाल ने भी संबोधित किया डॉ जाटवा ने अपने संबोधन में कहा कि संत श्री ने समाज को जो उपदेश दिए हैं उन्हें यदि हम ग्रहण करें तो समाज सेवा कर अपना जीवन भी सार्थक बना सकते हैं जिलाध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि आज जिन बालिकाओं का सम्मान हुआ है उन्हें बधाई अन्य बालिकाएं भी अनुशासन में रहकर अथक परिश्रम से आगे सम्मान प्राप्त कर अपने माता-पिता का नाम रोशन करें आप सभी को रविदास जयंती की बहुत-बहुत शुभकामनाएं,पूर्व महापौर मिना जोन वाल ने बालिकाओं को गुड टच,बेड टच के बारे में जानकारी देकर बालिकाओं को सजग रहने के लिए कहा।

## खबर एक नजर...

### होटल एवं बाल श्रम पर प्रभावी नियंत्रण हेतु कार्यवाही करें- कलेक्टर

**आगर मालवा।** जिले में होटल एवं अन्य संस्थानों में बाल श्रम पर प्रभावी नियंत्रण हेतु निरंतर कार्रवाई की जाए तथा बाल श्रमिक पाए जाने पर संबंधित नियोजकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने सोमवार को जिले की बाल श्रम टास्क फोर्स की बैठक में दिए। कलेक्टर सभाकक्ष में आयेजित बैठक में अपर कलेक्टर आरपी वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. दिनेश देहलवार, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास राजीव गुप्ता, जिला रोजगार अधिकारी संजीव पाटील सहित टास्क फोर्स के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में सहायक श्रम पदाधिकारी बी.एल. राठौर द्वारा बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बाल श्रम उन्मूलन हेतु किए जा रहे प्रयासों, कानूनी प्रावधानों एवं सतत जागरूकता अभियानों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि बाल श्रम रोकथाम के लिए गठित जिला स्तरीय दल द्वारा निरंतर भ्रमण किए जाने से बाल श्रम के नियोजन पर प्रभावी अंकुश लगा है। बैठक में बाल श्रम उन्मूलन में पेंसिल पोर्टल की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए इसके अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया गया।


### एनएसयूआई ने स्कूलों में शुरू किया विशेष जागरूकता अभियान

**शाजापुर।** नई पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ भारतीय संस्कृति की जड़ों से जोड़ने के उद्देश्य से शाजापुर जिले में एक सार्थक पहल की शुरूआत हुई। राष्ट्र निर्माण में छात्रों की भूमिका को अहम मानते हुए, भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) ने गाय बचेगी, संस्कृति बचेगी, जीवन बचेगा के संदेश के साथ जिले में एक व्यापक जन-जागरण अभियान छेड़ा। दो दिवसीय छात्र जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ बेरछा स्थित शासकीय स्कूल परिसर से सोमवार को किया गया। कार्यक्रम के दौरान एनएसयूआई कार्यकताओं ने भारतीय संस्कृति के तीन प्रमुख आधार स्तंभों गऊ (गाय), गंगा (पवित्र नदी) और नारी (महिला शक्ति) के महत्व पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, गाय केवल एक पशु नहीं बल्कि हमारी संस्कृति की परिचायक है, गंगा केवल नदी नहीं बल्कि हमारी आस्था का प्रवाह है, और नारी का सम्मान ही सभ्य समाज की पहचान है। कार्यकताओं ने छात्रों को समझाया कि इन प्रतीकों का संरक्षण और सम्मान किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे न केवल इन मूल्यों को अपने व्यक्तिगत जीवन में उतारें, बल्कि अपने परिवार और आसपास के समाज में भी इसके प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# कुंड के जल से प्रतिदिन होता है बाबा का अभिषेक

### हनुमान जी की प्रतिमा से श्रद्धालुओं को जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैनउज्जैन



कालो के काल बाबा महाकाल के दरबार में आने वाले श्रद्धालु गर्भगृह में बाबा महाकाल के दर्शन करते हैं, लेकिन महाकालेश्वर मंदिर के कोटि तीर्थ में एक अनोखा शिवलिंग है जो सदैव जलमग्न रहता है। यहां आने वाली प्राकृतिक आव से इसका अभिषेक भी प्रतिदिन होता रहता है। महाकाल मंदिर के पुजारी ने बताया कि यह शिवलिंग कुंड के तल में स्थित है और इसके दर्शन प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि से पहले कुंड की सफाई के दौरान किए जाते हैं। पंडित राम शर्मा ने कहा कि कोटि तीर्थ दुर्लभ शैली से बना है और यहां भगवान हनुमान जी ने राम राज्याभिषेक के समय जल प्रवाहित किया था। बाबा महाकाल की प्रतिदिन होने वाली आरती के समय इसी जल से भगवान का अभिषेक किया जाता है। मंदिर आने वाले अधिकांश श्रद्धालुओं को इस शिवलिंग के बारे में जानकारी नहीं होती। इसलिए पुजारी परिवार और श्री महाकालेश्वर प्रबंध समिति ने कोटि तीर्थ पर हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित की है, ताकि सभी श्रद्धालु जान सकें कि यह जल हनुमान जी द्वारा प्रवाहित किया गया था।

### बाबा महाकाल के दरबार पहुंचे भोजपुरी फिल्म अभिनेता विनय आनंद, बोले- हर प्रार्थना सुनते हैं महाकाल

हिंदी और भोजपुरी फिल्मों के जाने-माने अभिनेता विनय आनंद आज धार्मिक नगरी उज्जैन पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के चांदी द्वार से दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित संजय गुरु और पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि विनय आनंद बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन आए थे। उन्होंने चांदी द्वार से बाबा महाकाल का पूजन-अर्चन किया और उनका आशीर्वाद लिया। अभिनेता पहले भी बाबा महाकाल के दर्शन कर चुके हैं। आज वे दर्शन के दौरान शिव भक्ति में लीन दिखाई दिए और नंदी हॉल में पहुंचकर ध्यान भी किया।



#### उज्जैन देवों की नगरी

दर्शन के बाद मीडिया से बातचीत में विनय आनंद ने कहा कि बाबा महाकाल के दरबार में की गई हर प्रार्थना बाबा सुनते हैं। उन्होंने बताया कि 70 फिल्मों के बाद उनकी एक प्रार्थना यह थी कि वह हिंदी फिल्मों में भी काम करें। उनकी यह प्रार्थना बाबा महाकाल ने स्वीकार की और अब उनकी नई हिंदी फिल्म एस ई पी विक्रांत के रूप में मकान जल्द ही रिलीज होने वाली है।

### कालिदास के आंगन में अभिनव का राष्ट्रीय नाट्य समारोह

# भाव-विभोर कर देने वाली सकु बाई का एकल नाट्य मंचन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



उज्जैन की कालिदास अकादमी के अभिरंग नाट्यगृह में अभिनव रंग मंडल का 40 वां राष्ट्रीय नाट्य समारोह स्तरीय नाटकों की श्रृंखला के साथ कामयाबी का सफर तय कर रहा है। दूसरी शाम अपनी प्रतिभा कौशल से फिल्म नगरी मुंबई में झंडे गाड़ने वाले कला कर्मियों ने एकल प्रस्तुति से सुधी दर्शकों को भावविभोर किया।एक रंग मुम्बई के बेनर तले समाज की स्त्री मनो दशाओं को व्यक्त करता नाटक सकु बाई का प्रभावी मंचन हुआ।

प्रख्यात नाट्य कर्मी नादिरा बब्बर द्वारा लिखित सकु बाई की कहानी घरों में काम करने नौकरानी पर केन्द्रित है। उच्च वर्ग के घरों में काम करते हुए उसे अनेकों परिवारों की हकीकत से रूबरू होना होता है। पूरा नाटक स्त्री मीमांसा पर आधारित है। नाटक में स्त्री की इच्छा शक्ति को अभिनय कौशल के साथ प्रस्तुत किया गया। देश के प्रमुख रंग कर्मियों में शुमार जयंत देशमुख के नाट्य निर्देशन में इस एकल नाट्य प्रस्तुति ने एक घंटा दस मिनट तक दर्शकों को बांधे रखा। जयंत देशमुख ने अपनी रचनात्मक दृष्टि और कलात्मक समझ से भारतीय रंगमंच और सिनेमा में अपना स्थान बनाया है। मंच परिकल्पना में उनका कोई सानी नहीं है। सौ से अधिक नाटकों एवं सौ से ज्यादा फिल्मों में उन्होंने अपनी सर्जनात्मकता को व्यक्त किया है। भोपाल में रंग मंडल की स्थापना से जुड़े जयंत देशमुख ने बा.व. कारंत से लेकर हबीब तनवीर तक के साथ अपने को तराशा। उसके बाद मुम्बई का रुख किया।

प्रस्तुत नाटक में स्त्री के अनेक पात्रों को अभिनेत्री आशी मालवीय ने जीवंत कर दिखाया। आशी ने अपने केरियर की शुरूआत नौ साल भोपाल में नाटकों में काम करते हुए की। अब मुम्बई में रह कर अनेक फिल्मों और टीवी सीरियल में काम कर रही हैं।सोनी सब चैनल पर तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल के साथ दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले डॉ चंद्र प्रकाश द्विवेदी के निर्देशन में प्रसारित जन-जन के राम में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। सकू बाई में आलोकन अंकित देसाई का था।

### अस्पताल में डॉक्टरों की तत्परता से बची युवक की जान

**शाजापुर।** समय पर इलाज और डॉक्टरों की कुशलता से एक युवक की गंभीर समस्या का सफल समाधान जिला चिकित्सालय शाजापुर में किया गया। कांजा, शाजापुर निवासी कन्हैयालाल पिता दशरथ (उम्र 24 वर्ष) को सोमवार सुबह करीब 11 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया, जहां उसके गले में चिकन की हड्डी फंसी हुई थी। जानकारी के अनुसार, युवक के गले में बीती रात चिकन खाते समय हड्डी फंस गई थी, जिससे उसे सांस लेने और निगलने में काफी तकलीफ हो रही थी। लगातार परेशानी बढ़ने पर परिजन उसे जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे। मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर तेजपाल सिंह जादौन ने तुरंत उपचार शुरू किया और गले में फंसी हड्डी को सुरक्षित रूप से बाहर निकाला।

### आलोक इंटरनेशनल स्कूल में पंचदिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ

# भगवान और माता-पिता के बाद शिक्षक का स्थान सर्वोपरि

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन।

विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, समूह भावना एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने तथा उनके शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास में वृद्धि के उद्देश्य से आलोक इंटरनेशनल स्कूल (महाकाल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट) में पंचदिवसीय खेल महोत्सव का शुभारंभ डॉ. सर्वेश माहेश्वरी (सीनियर कंसल्टेंट, एस. एन. कृष्णा हॉस्पिटल) के आतिथ्य में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. माहेश्वरी द्वारा माँ सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं खेल मशाल प्रज्वलित कर किया गया। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि भगवान और माता-पिता के बाद शिक्षक का स्थान सर्वोपरि होता है, इसलिए सदैव उनका सम्मान करें और अनुशासन में रहें, क्योंकि यही आपको जीवन में सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ाते हैं। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री आलोक जी वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे में एक विशिष्ट प्रतिभा होती है, जिसे निखारने के लिए उचित मंच की आवश्यकता होती है, और आलोक इंटरनेशनल स्कूल विद्यार्थियों को ऐसा मंच प्रदान करता है जिससे वे जीवन में निरंतर आगे बढ़ सकें। पांच दिवसीय खेल महोत्सव में कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, वॉलीबॉल, फुटबॉल, 100 मीटर एवं 400 मीटर दौड़, जलेबी रेस, स्पून रेस तथा म्यूजिकल चेयर जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं। विशेष बात यह है कि विजेताओं के साथ-साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन श्रीमती श्वेता हड़तालकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री आलोक जी वशिष्ठ, एडमिनिस्ट्रेटर सुश्री नेहा झा एवं श्री अभिषेक वशिष्ठ ने भी उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उपरोक्त जानकारी प्राचार्या श्रीमती यामिनी पाटणकर द्वारा दी गई।

# बजट से आधारभूत सुविधाएं बढ़ेंगी, तो कार्यक्षमता में होगा इजाफा : सीए कामिनी

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन।




बजट से आधारभूत सुविधाएं बढ़ेंगी, तो कार्यक्षमता में होगा इजाफा : सीए कामिनी मेहरवाल आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रयासरत है बजट : प्रो. निखिल जोशी वाणिज्य अध्ययनशाला में बजट परिचर्चा आयोजित उज्जैन। आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध होने से कार्यक्षमता में वृद्धि होती है और इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह बजट तैयार किया गया है। यह विचार सीए श्रीमती कामिनी मेहरवाल ने वाणिज्य अध्ययनशाला, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में आयोजित बजट परिचर्चा के दौरान व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि एमएसएमई और छोटे उद्योगों को मजबूत करने की दिशा में यह बजट एक बड़ा और सकारात्मक कदम है। शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अर्थशास्त्री विभागाध्यक्ष प्रोफेसर निखिल जोशी ने कहा कि आज का बजट विषम परिस्थितियों के कोहरे में टेकऑफ करने का प्रयास करता हुआ जहाज है। प्रस्तुत बजट भारत को आत्मनिर्भर बनाने और विकसित देशों की श्रेणी में लाने के लिए निरंतर प्रयासरत दिखाई देता है। इस अवसर पर सीए तरुण खंडेलवाल ने बजट को युवा शक्ति ड्रिवन बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं प्रस्तावना सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की वाणिज्य अध्ययन शाला के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेंद्र कुमार भारल ने रखी। डॉ भारल ने कहा कि, यह बजट दूरगामी सोच के साथ विकसित भारत की ओर अग्रसर है। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों में बजट को पढ़ने और समझने के प्रति उत्साहवर्धन करने वाली गतिविधि बताया। इस अवसर पर विभाग की समस्त फैकल्टी सदस्य डॉ. नेहा माथुर, डॉ. कायनात तंवर, डॉ. अनुभा गुप्ता सहित बीबीए एवं बीकॉम के विद्यार्थियों ने परिचर्चा में सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन छात्र लोकेश कोठारी एवं पलक लोटे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. आशीष मेहता ने किया।

## खबर एक नजर...

### राज्यमंत्री ने किया प्रांतीय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**सारंगपुर।** प्रांतीय शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सारंगपुर कार्यालय में कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री डॉ गौतम टेटवाल के द्वारा प्रांतीय शिक्षक संघ के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया गया। इस कैलेंडर को जिले की कार्यकारिणी द्वारा संघ के समस्त पदाधिकारियों के माध्यम से शालाओं में वितरित किया जाएगा। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष चंदरसिंह तोमर , जिला महासचिव राजकुमार सिंह खिंची, प्रदेश मीडिया प्रभारी संजय सिंह, भगवान सिंह राठौर, जिला संयोजक बालचंद दांगी, कार्यकारी जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह जाट, कार्यकारी जिला अध्यक्ष पुखराज सिंह राठौर, प्रेम वर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जुगराज सिंह वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रामकरण राठौर, प्रेम सिंह परमार, चंद्रेश शर्मा, देवीलाल रुहेला, एलकार सिंह जादोन, अशोक मेहरिया, रविंद्र प्रताप शर्मा, सुरेश वर्मा, घनस्याम भिलाला, भगवान सिंह गुजराती, प्रेमसिंह नागर, यशवंत सिंह भिलाला, अशोक कारपेंटर, मोहन सिंह भिलाला, आनंदी लाल भिलाला सहित समस्त जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### श्रीराधाकृष्ण मंदिर पंडितवाडी में गीता स्वाध्याय पाठ का आयोजन

**सारंगपुर।** मनुष्य को मानव जीवन के तीन शत्रुओं काम, क्रोध तथा लोभ से अत्यंत सावधान रहना चाहिए। जो व्यक्ति जितना ही इन तीनों से मुक्त होगा, उतना ही उसका जीवन शुद्ध होगा। जो व्यक्ति जानबूझ कर नियमों का अतिक्रमण करता है, वह काम के वश में होकर कर्म करता है। उक्त उद्गार कपिलेश्वर गीता स्वाध्याय मंडल द्वारा श्रीराधाकृष्ण मंदिर पंडितवाडी में आयोजित गीता स्वाध्याय पाठ के अंतर्गत स्वाध्यायी आनंद मोहन व्यास ने व्यक्त किए। विश्व गीता प्रतिष्ठानम उज्जयिनी द्वारा संचालित गीता स्वाध्याय के अंतर्गत सर्वप्रथम घर-घर गीता का प्रचार हो गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भगवद्गीता की पूजन अर्चन कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात विश्वगीता प्रतिष्ठानम के स्वाध्याय पत्रक का गायन किया गया। श्रीमद्भगवद्गीता गीता के 11 श्लोक का उच्चारण कपिलेश्वर स्वाध्याय मंडल के नवीन श्रीवास्तव ने किया।। कार्यक्रम के अंत में श्रीमद्भगवद्गीता जी की आरती उतारी गई। कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बोर्ड परीक्षा से पहले एसडीएम ने दिए सफलता के मंत्र

**सारंगपुर।** मध्यप्रदेश शिक्षा मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षाएं कुछ दिनों में शुरू होने वाली है इसके पहले विद्यार्थियों के लिए परीक्षा मार्गदर्शन करते हुए सारंगपुर एसडीएम रोहित बम्हौरे ने वार्ता के माध्यम से छात्रों का मनोबल बढाने और सही दिशा देने के लिए अपने विचार रखे है। एसडीएम बम्हौरे ने कहा, सफलता केवल ज्यादा पढाई से नहीं मिलती। इसके लिए सही रणनीति, नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास जरूरी है।

**मामला कीमती शासकीय सामान बेचने का - साहब की चोरी पकड़ाई तो गरीब मजदूरों को फंसा दिया**


# विद्युत कंपनी व पुलिस की मिलीभगत से 6 निर्दोषों पर एफआईआर साक्ष्य होने का दावा

ब्रह्मास्त्र ›› शुजालपुर

शहर में विद्युत कंपनी और पुलिस विभाग के अधिकारियों की कथित मिलीभगत का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि शासकीय विद्युत सामग्री की अवैध बिक्री उजागर होने के बाद मामले से ध्यान हटाने के उद्देश्य से छह निर्दोष लोगों पर चोरी का प्रकरण दर्ज कर दिया गया। यह पूरा मामला शुजालपुर सिटी मंडी रोड स्थित 132 केवी विद्युत ग्रिड से जुड़ा हुआ है।

आरोपों के अनुसार ग्रिड पर पदस्थ सहायक अभियंता एई विजय ओझा ने बिना वरिष्ठ कार्यालय की अनुमति के ग्रिड परिसर में रखी लाखों रुपए मूल्य की शासकीय विद्युत सामग्री को कबाड़ के रूप में बेचने की बातचीत की। सामग्री देखने के बाद कबाड़ी से सौदा तय हुआ और तोल प्रक्रिया के बाद 1 लाख 22 हजार 500 रुपए की राशि एई को दी गई।

जब यह मामला मीडिया के संज्ञान में आया तो एई ने पुलिस से कथित रूप से मिलीभगत कर कबाड़ी,



मजदूरों और वाहन चालक को चोरी का आरोपी बनवा दिया। पुलिस ने भी सम्पूर्ण जांच किए बना एक तरफा एफआईआर दर्ज कर दी। पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने जो भी कार्य किया वह सब विभागीय अधिकारियों के सामने और उनके आदेश पर किया गया। इस संबंध में सोमवार को जांच करने के लिए संभागीय अधिकारी विद्युत कंपनी योगेश कुमार माथुर शुजालपुर आए, जिनसे चर्चा का प्रयास किया तो उन्होने फोन नहीं उठाया। इसी प्रकार एई विजय ओझा ने भी चर्चा नहीं की। 29 जनवरी की शाम शहर के एक कबाड़ी को 132 केवी ग्रिड परिसर में बुलाकर वहां रखी तांबे की रॉड, कॉइल रिले, एल्यूमिनियम, लोहा, बैटरी सहित अन्य विद्युत उपकरण दिखाए गए। इसके बाद कीमत तय की गई। 30 जनवरी को कबाड़ी मजदूरों और किराए के वाहन के साथ ग्रिड परिसर पहुंचा। करीब दो घंटे तक स्क्रैप की तौल प्रक्रिया चली। वजन के बाद सामग्री वाहन में लोड कर दोपहर 1.10 बजे परिसर से बाहर ले जाई गई। इस दौरान विभागीय रजिस्टर में वाहन और व्यक्तियों की आवक-जावक दर्ज की गई, जिसमें सामग्री एई के आदेश से ले जाने का उल्लेख भी है। वाहन कबाड़ी के घर पहुंचा, जहां स्क्रैप उतारने की प्रक्रिया चल रही थी।

इसी दौरान पुलिस वहां पहुंची और सामग्री को शासकीय बताते हुए वाहन सहित थाने ले आई। 30 जनवरी को इस संबंध में विद्युत कंपनी के अधिकारियों को कोई सूचना नहीं दी गई। 31 जनवरी को मीडिया द्वारा पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया।

#### इन लोगों पर दर्ज हुआ प्रकरण

सिटी थाना शुजालपुर में कार्यपालन अभियंता अरुण कुमार कनोजिया की सूचना पर कैलाश बागरी, जावेद खान, शकिल खान, आरिफ खान, इस्माइल खान एवं आमिर के विरुद्ध चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। एफ आईआर में उल्लेख किया गया कि सामग्री 132 केवी उपकेंद्र से 220 केवी उपकेंद्र भेजी जानी थी, लेकिन वाहन चालक और अन्य लोग उसे वहां न ले जाकर कबाडी के घर ले गए। जबकि पीड़ितों का कहना है कि सामग्री विभागीय अधिकारी द्वारा बेची गई थी।

### म.प्र.भारतीय मजदूर संघ द्वारा श्रमिक सम्मेलन का आयोजन

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के ब्यावरा कृषि उपज मंडी प्रांगण में म.प्र.भारतीय मजदूर संघ का जिला स्तरीय श्रमिक सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मध्य प्रदेश शासन के राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायणसिंह पंवार एवं विशेष अतिथि के रूप में भारतीय मजदूर संघ के प्रदेश महामंत्री कुलदीप सिंह सहित मंचासीन अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर मलयार्पणकर दीपप्रज्वलित किया, एकल गीत एवं अतिथि स्वागत के पश्चात मुख्यअतिथि श्री पवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज के हर क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ का प्रभाव है, 29 कानून थे भारत सरकार ने श्रम सुधारो के क्षेत्र में ऐतिहासिक कदम उठाया और सिर्फ चार कानून बनाकर भारतीय मजदूर संघ को दिए चार नए श्रम संहिता कानून देश में लागू किया वेतन संहिता, उद्योग संहिता, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता के माध्यम से श्रमिकों को न्यूनतम वेतनमान, समय पर वेतन भुगतान, सुरक्षा अधिकार आदि प्रदान किये आपने कहा कि श्रमिक राष्ट्र के निर्माण की आधारशिला होते हैं देश की अर्थव्यवस्था उद्योगों पर टिकी थी, भारत सरकार ने श्रमिक उत्पादन का साधन न रहे बल्कि अपने अधिकारों के साथ सुरक्षित जीवन जी सके भारत सरकार के इन कानूनों को राज्य सरकार ने लागू किया।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना

**ब्यावरा।** युवा विकास मंडल संस्था राजगढ़ द्वारा निर्भया कार्यक्रम अंतर्गत राजगढ़ जिले में महिलाओं बच्चों पर होने वाले अपराधों की रोकथाम के लिए राजगढ़ जिले के तीन गांवों में गरिमा केंद्र जिसमे रोजाना बैठक एवं 26 गांवों में बालिका पंचायत एवं बॉयस ग्रुप के साथ हर महीने मीटिंग करके लगातार हिंसा भेदभाव एवं जागरूकता के प्रयास किए जा रहे इसी कड़ी में जिले में होने वाले बाल विवाह एवं नातरा झगड़ा जैसी कुप्रथा को मिटाने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग व युवा विकास मंडल संस्था राजगढ़ के संयुक्त प्रयास से 15 दिनों तक जागरूकता रथ का संचालन जिले में किया जा रहा, जिसमे गांव गांव जाकर ग्रामीणों के साथ बाल विवाह एवं झगड़ा जैसी कुप्रथा पर समुदाय के साथ बैठक कर जागरूक करेंगे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत संस्था निमाड़ अभ्युदय के प्रवास पर

ब्रह्मास्त्र ›› मंडलेश्वर।

परम पूजनीय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी आज संस्था निमाड़ अभ्युदय के प्रवास पर पधारे। संस्था परिसर में आगमन पर सर्वप्रथम उन्होंने मंदिर में दर्शन किया । इसके उपरांत उन्होंने संस्था द्वारा संचालित विविध सामाजिक, शैक्षणिक एवं सेवा गतिविधियों का विस्तारपूर्वक अवलोकन किया। इस क्रम में परम पूजनीय मोहन भागवत जी ने संस्था द्वारा संचालित व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र विवेकानंद इंस्टीट्यूट ऑफ रूरल टेक्नोलॉजी का भ्रमण किया। यहाँ उन्होंने ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु संचालित विभिन्न तकनीकी एवं कौशल



विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली तथा इन प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संस्थान ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अवलोकन पश्चात परम पूजनीय मोहन भागवत जी संस्था द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम में सम्मिलित हुए, जिसका विषय च्मनुष्य निर्माण से राष्ट्र निर्माणज्ञ रहा। अपने उद्बोधन में उन्होंने व्यक्तित्व निर्माण, संस्कार, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध पर प्रेरक विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र का निर्माण सुसंस्कृत, आत्मनिर्भर एवं मूल्यनिष्ठ नागरिकों से ही संभव है इस गरिमामय अवसर पर माननीय सुमित्रा ताई महाजन, परम पूजनीय प्रतापे महाराज, भारती दीदी, मेवालाल जी पाटीदार, नितिन कर्मलकर, महेश दाबक, महेश जी शर्मा, प्रांत प्रचारक राजमोहन जी तथा सह प्रांत प्रचारक स्वप्निल कुलकर्णी जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।संस्था मुख्य प्रकल्प समन्वयक श्री दिग्विजय सिंह चौहान ने जानकारी दी।

# आंगनवाड़ी कार्यकर्ता को हटाने पर भड़का जयस, 3 घंटे तक कलेक्ट्रेट में चला प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› शाजापुर

शहर की सड़कों पर आदिवासी समाज के आक्रोश की गूंज सुनाई दी। मामला ग्राम खोरियाएमा में एक आदिवासी महिला को आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के पद से अचानक हटाए जाने का है, जिसके विरोध में जय आदिवासी युवा शक्ति संगठन (जयस) ने मोर्चा खोल दिया। कार्यकर्ताओं ने राजराजेश्वरी मंदिर से लेकर कलेक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जयस कार्यकर्ताओं ने सौंपे गए ज्ञापन में



बताया कि ग्राम खोरियाएमा की आंगनवाड़ी में आदिवासी समाज की चिंतामणी चौहान (भिलाला) पिछले तीन माह से कार्यरत थीं, लेकिन बिना किसी ठोस कारण या पूर्व सूचना के उन्हें पद से हटा दिया गया। इससे पूर्व समाजजनों ने 7 जनवरी 2026 को भी न्याय की गुहार लगाते हुए ज्ञापन सौंपा था, लेकिन प्रशासन ने उस पर कोई संज्ञान नहीं लिया। रैली के कलेक्ट्रेट पहुंचने पर स्थिति उस वक्त तनावपूर्ण हो गई, जब कार्यकर्ता सीधे कलेक्टर को ही ज्ञापन सौंपने पर अड़ गए। दोपहर 1 बजे पहुंचे कार्यकताओं को मनाने के लिए एडीएम और एसडीएम आए, लेकिन उन्होंने ज्ञापन देने से इनकार कर दिया। करीब तीन घंटे तक चले इस गतिरोध के बाद आखिरकार एसडीएम मनीषा वास्कले को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने गंभीर आरोप लगाते हुए दावा किया है कि चिंतामणी चौहान को हटाकर जिस नई महिला की नियुक्ति की गई है, उसका बीपीएल (गरीबी रेखा) कूपन फर्जी है।

### परिजनों को मिलेंगे 24.68 लाख, शाजापुर न्यायालय का अहम फैसला

**शाजापुर।** सड़क दुर्घटना में देवास निवासी 20 वर्षीय युवक की असामयिक मृत्यु के मामले में शाजापुर न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। पंचम सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, शाजापुर ने मृतक के परिजनों को क्षतिपूर्ति के रूप में कुल 24 लाख 68 हजार 160 रुपये प्रदान करने का आदेश दिया है। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं जावेद पठान बेरछा ने बताया कि घटना 13 जून 2024 की है। मृतक राज मोहम्मद 20 वर्ष, पिता सईद मंसूरी, निवासी परमानन्द कॉलोनी, मम्मन टोला, देवास, अपने नियोक्ता रफीक हुसैन जूता-चप्पल व्यवसायी के साथ माल लेकर ट्रांसपोर्ट के जरिए आयशर मिनी ट्रक में बैठकर देवास लौट रहा था।

# नेशनल हाईवे पर लूट करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश- राजस्थान के 3 लुटेरे गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ राजगढ़-ब्यावरा।



राजगढ़ जिले में फरियादी गोपाल दास यादव पिता बापूलाल यादव निवासी ग्राम खानपुरा ब्यावरा ने थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अपनी चार पहिया वाहन से भोपाल से ब्यावरा जा रहा था। तीज बड़ली के पहले तीन अज्ञात व्यक्तियों ने हाथ का इशारा कर वाहन रुकवाया तथा वाहन रोकने पर उनकी आंखों में मिर्ची डालकर उसे उसी के वाहन में बंधक बना लिया।

आरोपियों ने फरियादी के साथ मारपीट कर उसका मोबाइल फोन एवं पर्स लूट लिया गया। इसके पश्चात मोबाइल का पासवर्ड पूछकर फरियादी को बंधक बनाए रखते हुए अलग-अलग स्थानों पर ले जाकर दुकानों के माध्यम से उसके बैंक खाते से कुल 1,26,400 रु की राशि आहरित की गई। पीड़ित किसी प्रकार आरोपियों के चंगुल से भागने में सफल हुआ एवं थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई। कुरावर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कुरावर पुलिस ने नेशनल हाईवे पर लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पदार्फाश करते हुए राजस्थान राज्य के 3 शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया।

घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए विशेष पुलिस टीम का गठन की। पीड़ित के कथनों, सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी डाटा एवं मोबाइल ट्रैकिंग के आधार पर आरोपियों को चिन्हित किया। फलस्वरूप तीनों आरोपी संजय उर्फ संजू मीणा पिता घासीलाल 36 वर्ष, निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान), रंजीत मीणा, पिता गुडकीलाल मीणा निवासी ग्राम काजलिया, थाना अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान), जीतमल मीणा, पिता बाबूलाल मीणा निवासी अकलेरा, जिला झालावाड़ (राजस्थान) को गिरफ्तार कर एक लाख छब्बीस हजार चार सौ रुपये नगद, 1 मोबाइल फोन, 1 पर्स, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। आरोपी नेशनल हाईवे पर सुनसान स्थानों एवं रात्रि समय चार पहिया वाहनों को निशाना बनाते थे। हाथ का इशारा कर स्वयं को मददगार अथवा प्रोफेशनल व्यक्ति बताकर वाहन रुकवाते थे।

वाहन रुकते ही पीड़ित की आंखों में मिर्ची डालकर उसे असहाय बना देते थे। पीड़ित को उसी के वाहन में बंधक बनाकर मारपीट एवं भयभीत करते थे। मोबाइल फोन एवं पर्स लूटकर मोबाइल का पासवर्ड जबरन प्राप्त किया जाता था। पासवर्ड मिलने के बाद अलग-अलग दुकानों से खाते से नगदी आहरण किया जाता था।



## बिजली की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने किया नेशनल हाईवे 52 पर चक्काजाम दोनों तरफ लगी वाहनों की लंबी कतार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले में ब्यावरा और राजगढ़ के बीच रेलवे लाइन के पास सैकड़ो ग्रामीणों ने ग्रिड ऑपरेटर की लापरवाही के चलते करीब आठ दस दिन से बिजली नहीं मिलने के कारण बाड़ियापुरा बानपुरा सहित आसपास के सैकड़ो ग्रामीणों ने बिजली से परेशान होकर नेशनल हाईवे 52 पर चक्काजाम कर दिया था, करीब 2 घण्टे तक सैकड़ो वाहन हाईवे के दोनों ओर फंसे रहे इस बीच ग्रामीणों ने इमरजेंसी वाहनों को रास्ता दिया, चक्काजाम के दौरान राजगढ़ के पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर करनवास स्थित नाईखेड़ा जाते वक्त जाम में फंस गए और किसने की पीड़ा सुनकर ग्रामीणों के साथ धरना स्थल पर बैठ गए , जाम को देखते हुए पुलिस प्रशासन रोड क्लियर करवाने पहुंची मगर जब तक विद्युत विभाग के आला अधिकारी नहीं पहुंचे तब तक जाम नहीं खोला करीब एक घंटे बाद बिजली विभाग के डीई घटनास्थल पर पहुंचे के बाद ग्रामीणों ओर पूर्व विधायक से चर्चा करने के बाद जाम खुलवाया गया।

# संकल्प से समाधान अभियान में सर्वे से प्राप्त आवेदनों का समय पर निराकरण करें- कलेक्टर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा

संकल्प से समाधान अभियान के अंतर्गत डोर-टू-डोर सर्वे में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। कलेक्टर ने बैठक में अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन विभागों के आवेदन पोर्टल पर शून्य प्रदर्शित हो रहे हैं, वे शीघ्र एंट्री करना सुनिश्चित करें, अन्यथा संबंधित विभागों के विरुद्ध कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

बैठक में अपर कलेक्टर आर.पी वर्मा, एसडीएम आगर मिलिंद ढोके, डिप्टी कलेक्टर प्रेम नारायण परमार, कमल मंडलोई, श्रीमती किरण बरबड़े, जिला ई-गवर्नेंस प्रबंधक लखन सिंह, समस्त तहसीलदार, संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु कृषकों के पंजीयन की तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि पंजीयन केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित कर ली जाएं। बैठक में बताया गया कि गेहूं उपार्जन के लिए कृषकों का पंजीयन 7 फरवरी से प्रारंभ होगा, जिसके लिए जिले की 32 प्राथमिक एवं विपणन साख सहकारी संस्थाओं को पंजीयन केंद्र बनाया गया है। कलेक्टर ने कहा कि जिन विभागों की बैठकें प्रस्तावित हैं, उन्हें समय पर आयोजित किया जाए तथा बैठकों में दिए गए निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। विभाग प्रमुख अपने-अपने विभाग से संबंधित पोर्टलों की नियमित मॉनिटरिंग करें एवं उन्हें अद्यतन रखें। साथ ही विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति अनिवार्य रूप से संबंधित पोर्टलों पर दर्ज की जाए।

कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण किया जाए, ताकि विभागीय ग्रेडिंग में बेहतर अंक प्राप्त हो सकें।

## परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाएं रखें- कलेक्टर श्रीमती यादव

**आगर मालवा।** आगामी बोर्ड परीक्षाओं को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव द्वारा नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा कर कलेक्टर प्रतिनिधियों को उनके दायित्वों से अवगत करवाया गया। कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ी होती हैं, परीक्षा प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता एवं अनुशासन बनाए रखना अनिवार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर प्रतिनिधि परीक्षा दिवस पर संबंधित थानों से प्रश्नपत्र प्राप्त करने से लेकर उन्हें परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित रूप से पहुंचाने तथा प्रश्नपत्रों को केवल परीक्षा कक्ष में ही खोलना सुनिश्चित करवाएंगे। कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केंद्राध्यक्ष थाने एवं परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर एक साथ सेल्फी लेकर कलेक्टर प्रतिनिधि द्वारा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करेंगे।

## भा ज पा मंडल ने किया डाबी तथा शिंदे का सम्मान



**महिदपुर रोड।** भारतीय जनता पार्टी महिदपुर रोड़ मंडल द्वारा आ योजित एक कार्यक्रम में भाजपा मंडल महिदपुर अजजा मंडल अध्यक्ष बाबूलाल डाबी तथा महिदपुर रोड़ बूथ अध्यक्ष भास्कर शिंदे का पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान जिला उपाध्यक्ष संदीप व्यास महिदपुर मंडल अध्यक्ष गुरु चरण सिंह चौहान मंडल उपाध्यक्ष राजेश कांठेड़, महामंत्री शंभू शर्मा आदि ने शाल श्रीफल से सम्मान किया इस दौरान उज्जैन दलित ओ बीसी माइ नॉरिटी एवं आदिवासी संगठनो का परिसंघ परिसंघ के प्रदेश महा सचिव जे के मालवीय द्वारा भारत की संविधान की 675 वीं प्रति प्रदान की । गोपाल बैरागी , भूपेश कसेरा, दथरथ सिंह, हरि सिंह चुण्डावत ,वरिष्ठ नेता रमेश कुमावत जोरावर सिंह डोडिया , चैन सिंह सरपंच रोहिडा, विजय जोशी रवि न्द्र सिंह ठाकुर , मानसिंह सिसौ दिया ओम सौलंकी आदि मौजूद रहें । आभार मंडल अध्यक्ष गुरूचरण सिंह चौहान ने माना। जानकारी महिदपुर रोड़ मंडल के मीडिया प्रभारी योगेन्द्र सिंह शाक्य ने दी ।

# तार्किक त्रुटि वाले 43980 मतदाताओं को दिए जाएंगे नोटिस, चार से शुरु सुनवाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

विकासखंड में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) प्रक्रिया के पहले चरण में 2 लाख 623 मतदाताओं ने फार्म भरकर दिए थे। इसमें से 43 हजार 980 लाख मतदाता तार्किक त्रुटि श्रेणी में सामने आए हैं। जिनके रिकार्ड वर्ष 2003 की मतदाता सूची से तो मैप हो गए हैं, लेकिन विवरणों में विसंगतियों के कारण वे संदेह के घेरे में हैं। इनके नाम, जन्म तारीख और माता-पिता के नाम को लेकर विसंगतियां है। ऐसे मतदाताओं को नोटिस देने का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद इनकी सुनवाई शुरू होगी और मतदाता को वर्तमान नाम, जन्म तारीख की सही जानकारी वाला एक दस्तावेज देना होगा। 1117 मतदाताओं की सुनवाई जारी है, जिनकी जानकारी 2003 की सूची से मेपिंग नहीं हो सकी थी। इसके लिए 3 केंद्र बनाए गए है। सुनवाई के दौरान दिए जाने वाले दस्तावेज की जांच की जा रही है। इसके अलावा तार्किंग त्रुटी वाले 43 हजार 980 मतदाताओं को नोटिस जारी करने का कार्य शुरू हो चुका है। निर्वाचन आयोग के साफ्टवेयर द्वारा रिकार्ड मिलान के दौरान इन मतदाताओं को लेकर पांच प्रकार की तार्किक त्रुटियां सामने आई थी। इनमें सबसे बडी संख्या उन मतदाताओं की है, जिनके पिता का नाम 2003 की सूची से मेल नहीं खा रहा। इसके अलावा नाम की स्पेलिंग में गलती, नाम का अधूरा होना, सरनेम में बदलाव और जन्मतिथि में अंतर जैसी त्रुटियां भी सामने आई हैं। इन मतदाताओं को आयोग ने संदेह के घेरे में रखा है।

# आगामी बोर्ड परीक्षाओं को लेकर केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को दिया गया प्रशिक्षण

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आगर मालवा

जिले में बोर्ड परीक्षाओं के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों की बैठक सह प्रशिक्षण आयोजित किया गया। बैठक में केन्द्राध्यक्षों एवं सहायक केन्द्राध्यक्षों को उनके दायित्वों से अवगत कराते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

उल्लेखनीय है कि बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन आगामी 10 फरवरी से होगा। इसके लिये जिले में 32 परीक्षा केन्द्र बनाएं गए। जिले में इस वर्ष परीक्षा में कक्षा 10 वीं में 7874 विद्यार्थी और कक्षा 12 वीं में 5114 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

कलेक्टर ने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं के सफल आयोजन हेतु सभी केन्द्राध्यक्ष एवं सहायक केन्द्राध्यक्ष अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें।

उन्होंने निर्देश दिए कि परीक्षाओं के सफल संचालन हेतु प्रश्नपत्रों की गोपनीयता एवं शुचिता बनाए रखना सर्वोपरि है ।परीक्षा दिवस पर संबंधित थानों से कलेक्टर प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रश्नपत्र प्राप्त कर उन्हें सुरक्षित रूप से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाया जाए तथा प्रश्नपत्रों को केवल परीक्षा कक्ष में ही खोला जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि परीक्षा केन्द्रों पर विद्युत एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही परीक्षा केन्द्रों पर उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारियों के मोबाइल फोन परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व बंद कराकर सील किए जाएं। परीक्षा के दिन परीक्षा केन्द्र की 100 मीटर की परिधि में अनाधिकृत व्यक्तियों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सभी केन्द्रों पर पुलिस बल की तैनाती रहेगी।

## अन्नदाता की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है भाजपा सरकार



**महिदपुर।** तहसील कार्यालय महिदपुर में विधानसभा क्षेत्र के 249 गांवों में अतिवृष्टि और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान के संबंध में शीघ्र सर्वे कराकर राहत राशि एवं बीमा क्लेम दिलाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। यह ज्ञापन पूर्व विधायक की अध्यक्षता में प्रशासन को सौंपा गया, जिसमें किसानों को हुए नुकसान का आकलन कर जल्द मुआवजा प्रदान करने की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि भाजपा सरकार अन्नदाताओं की हर संभव मदद के लिए प्रतिबद्ध है और प्रभावित किसानों को समय पर राहत मिलना आवश्यक है। प्रशासनिक अधिकारियों ने ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।



शाहिद कपूर बोले

## हिंदी फिल्मों का स्तर अभी पर्याप्त नहीं हमें और बेहतर फिल्में बनानी होंगी

बॉलीवुड स्टार शाहिद कपूर ने हाल ही में हिंदी सिनेमा की मौजूदा स्थिति पर खुलकर अपनी राय रखी और कहा कि फिलहाल जो काम हो रहा है, वह काफी नहीं है। शाहिद कपूर का मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अच्छी और प्रामाणिक फिल्में बनाने की सख्त जरूरत है, क्योंकि यही समय की मांग है। उन्होंने कहा कि केवल मार्केटिंग और प्रमोशन पर ध्यान देने से किसी प्रोजेक्ट की आत्मा दब सकती है और इससे फिल्म का असली जादू खो जाता है।

शाहिद कपूर फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'ओ रोमियो' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में वह तृप्ति डिमरी के साथ नजर आएंगे। हाल ही में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया, जिसमें मुंबई के अंडरवर्ल्ड में बसी उस्तारा की दुनिया की झलक दिखाई गई। ट्रेलर में शाहिद और तृप्ति के बीच की गहन और अनकही भावनाओं से भरी केमिस्ट्री दर्शकों को बहुत आकर्षित कर रही है। साथ ही, अविनाश तिवारी खलनायक की भूमिका में दिखाई देंगे। शाहिद ने कहा, हम उतनी अच्छी फिल्में नहीं बना रहे जितनी बनानी चाहिए। अगर आप कुछ प्रामाणिक, मानवीय और सहज बनाना चाहते हैं तो उसे होने दें और नियंत्रित करने की कोशिश न करें। उन्होंने यह भी बताया कि वर्तमान समय में फिल्म निर्माताओं को क्रिएटिव चैलेंज को स्वीकार करना चाहिए और दर्शकों के लिए गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। 'ओ रोमियो' के अलावा शाहिद कपूर रश्मिका मंदाना और कृति सेनन अभिनीत 'कॉकटेल 2' जैसी बहुप्रतीक्षित फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं। प्रशंसक बेसब्री से इन फिल्मों की रिलीज और संबंधित अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, 'कॉकटेल 2' की आधिकारिक रिलीज डेट अभी तय नहीं की गई है, लेकिन यह खबर है कि इसे 2026 के अंत में सिनेमाघरों में लाने की योजना है।

कल्कि के सीक्वल से दीपिका के बाहर होने की चर्चा

# साई पल्लवी को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी, मेकर्स ने तोड़ी चुप्पी







फिल्म कल्कि 2898 एडी की बड़ी सफलता के बाद इसके सीक्वल को लेकर बॉलीवुड और टॉलीवुड में एक बार फिर चर्चा जोरों पर है। मूल फिल्म में दीपिका पादुकोण ने स्वट-80 (सुमति) के रूप में अहम भूमिका निभाई थी और फिल्म ने दुनिया भर में शानदार कमाई की थी।

हिंदुस्तान टाइम्स की खबर के मुताबिक दीपिका पादुकोण अब सीक्वल का हिस्सा नहीं होंगी, और उनकी जगह दक्षिण भारतीय सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री साई पल्लवी को इस रोल के लिए विचार किया जा रहा है। हालांकि, यह अभी तक आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मेकर्स के प्रतिनिधि ने संकेत दिया है कि साई पल्लवी पर टीम की नजर है।

अभी तक सार्वजनिक बयान में कहीं यह नहीं कहा गया कि साई पल्लवी ने भूमिका स्वीकार कर ली है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि दीपिका के सीक्वल से हटने के बाद निर्माता इस भूमिका में साई पल्लवी को बेस्ट चॉइस मान रहे हैं। मेकर्स ने कहा है कि कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है और वह जल्द ही आधिकारिक घोषणा करेंगे।

देखा जाए तो सुम-80 का किरदार कल्कि की कहानी में बेहद महत्वपूर्ण था। पहली फिल्म के अंत में यह किरदार कहानी की अगली कड़ी के लिए काफी बड़ा रोल छोड़कर गया था, इसलिए उसके बिना सीक्वल को लेकर फैन्स में काफी उत्सुकता बनी हुई है। साई पल्लवी की ब्रॉड एक्टिंग रेंज और मजबूत स्क्रीन प्रेजेंस को देखते हुए यह कास्टिंग चर्चा फिल्म प्रेमियों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है।

दीपिका के सीक्वल से हटने के कारणों को लेकर अलग-अलग रिपोर्ट्स आई हैं। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि उनकी भूमिका कम होने या रचनात्मक मतभेद के कारण उन्होंने खुद इस प्रोजेक्ट से दूरी बनाई। हालांकि, इससे जुड़े कई पहलू अभी आधिकारिक तौर पर स्पष्ट नहीं किए गए हैं। फिलहाल कल्कि 2898 एडी का दूसरा हिस्सा तैयारियों के अंतिम चरण में है और जब तक टीम की तरफ से कास्टिंग को लेकर आधिकारिक बयान नहीं आता, तब तक इस तरह की चर्चाएं बनी रहेंगी।



## चेक बाउंस केस में राजपाल यादव की बढ़ी मुश्किलें

**कोर्ट ने 4 फरवरी तक सरेंडर करने का आदेश दिया, अगली सुनवाई 5 फरवरी 2026 को होगी**

बॉलीवुड अभिनेता राजपाल यादव को दिल्ली हाईकोर्ट ने चेक बाउंस के आरोपों से जुड़े मामलों में सरेंडर करने का निर्देश दिया है। अदालत ने यह फैसला इस बात के बाद लिया है कि वे बार-बार अदालत द्वारा तय किए गए सेटलमेंट भुगतान की समयसीमा को भूलते रहे और दिये गये वादों का पालन नहीं किया।

यह विवाद सेक्शन 138 के तहत दर्ज चेक बाउंस मामलों से जुड़ा है, जिसमें राजपाल यादव और उनकी पत्नी के खिलाफ एक कंपनी ने शिकायत की थी कि उन्होंने चेक के जरिये भुगतान नहीं किया। पहले उन्हें 6 महीने की सजा सुनाई गई थी, और बाद में हाईकोर्ट ने सजा को निलंबित कर दिया था ताकि वे समझौता कर सकें।

**अदालत ने क्या कहा-** समाचार एजेंसी अठक के मुताबिक हाईकोर्ट ने कहा कि अदालत ने कई बार समय बढ़ाया और समझौते का मौका दिया, लेकिन बार-बार समयसीमा पार होने के बाद वे भुगतान नहीं कर पाए। अदालत ने उक्त भुगतान का भरोसा अब आगे नहीं रखने का निर्णय लिया। न्यायमूर्ति स्वराणा कांता शर्मा ने कहा कि ऐसे बार-बार वादे करने का तरीका अदालत की सहानुभूति का दुरुपयोग है और यह स्वीकार्य नहीं है।

### क्या निर्देश दिए गए?

- अदालत ने पहले दिये गये संरक्षण आदेश को वापस ले लिया।
- कोर्ट ने कहा कि अब राजपाल यादव 4 फरवरी 2026 तक संबंधित जेल अधीक्षक के समक्ष सरेंडर करें।
- अदालत ने कहा कि जो राशि पहले जमा की गई थी, वह शिकायतकर्ता कंपनी को जारी की जाए।
- मुकदमे की अगली सुनवाई 5 फरवरी 2026 को होगी, जिसमें सभा के पालन की रिपोर्ट मांगी जाएगी।

# ग्रैमी 2026 रेड कार्पेट पर सितारों ने दिखाई फैशन की झलक

लॉस एंजेलेस। ग्रैमी अवॉर्ड्स 2026 के रेड कार्पेट पर सितारों ने ऐसा बोल्ड और शानदार प्रदर्शन किया कि फैशन की सीमाओं को चुनौती दी गई। क्रिप्टो.कॉम एरीना में रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में ग्लैमर, क्रिएटिविटी और हिम्मत का अनोखा संगम देखने को मिला। इस साल रेड कार्पेट पर चापेल रोअन और हाइडी क्लम ने अपने उन्मुक्त और खुलासे भरे आउटफिट्स से तहलका मचा दिया। चापेल रोअन ने म्यूग्लर की शियर कस्टम गाउन पहनी, जिसमें बिल्ट-इन निपल रिंग्स और बहती हुई केप थी, जो एक गोल्ड चोकर से सुरक्षित थी। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और फैशन प्रेमियों में चर्चाओं का विषय बन गया। हाइडी क्लम ने जर्मन डिजाइनर मरीना होर्मान्सेडर की लेदर-लुक लैटेक्स गाउन में कदम रखा, जो उनकी बॉडी को पूरी तरह से हाइलाइट करती थी और ऑनलाइन लोगों की राय को दो हिस्सों में बांट दिया।

**चापेल रोअन और हाइडी क्लम ने तहलका मचाया**

साब्रिना कारपेंटर ने वेलेंटिनो की कस्टम गाउन में सॉफ्ट और रोमांटिक लुक अपनाया, जिसमें सफेद टियरड रफल्स और डेलिकेट शियर केपलेट था। वहीं, बैड बन्नी ने शियापेरेली हाई क्यूचर टक्सीडो में अवांत-गार्डे टेलरिंग दिखाई, जिसमें एक कंधे पर मेजरिंग-टेप एम्ब्रॉइडरी और बैक में लेस-अप डिटेलिंग थी। टायल ने विंटेज ग्लैमर में शाइन किया, गाउन में क्रिस्टल एम्बेलिशमेंट्स और फीथर्ड ट्रेन उनके लुक को शानदार बना रही थी।







मिली सायरस ने सेलिन की कस्टम ड्रेस में सफेद टॉप, लेदर जैकेट और ब्लैक ट्राउजर के साथ ग्लैमर दिखाया। उनका गोल्ड ब्रोच उनके नाम के अक्षरों से लुक को पर्सनल टच दे रहा था। बिल्ली ऐलीश ने कस्टम कॉउचर सूट पहना, जिसमें जैकेट, टाई, टेलर्ड शॉर्ट्स, नी-हाई सॉक्स और स्टेटमेंट हील्स शामिल थीं।

गर्ल ग्रुप ने ग्रैमी में डेब्यू करते हुए डिजाइन की छह विभिन्न शियर व्हाइट फ्लोरल आउटफिट्स में कोऑर्डिनेट किया। उनके लुक में सिल्वर स्टड्स, ग्लिट्टरिंग एसेन्ट्स, चोकर और हॉल्टर-स्टाइल नेकलाइन शामिल थी, जो उनके हर मेंबर के लिए अलग और यूनिक अंदाज दिखा रही थी। जस्टिन बीबर ने बैलेनसिया के ओवरसाइज्ड सूट में कूल और रिलैक्स लुक अपनाया, जबकि हेली बीबर ने अलाइ की कस्टम गाउन में शीयर साइड स्लिट्स के साथ मिनिमल एलीगेंस दिखाई।

लेडी गागा ने ब्लैक फेदर मर्मेड गाउन पहना, जिसमें स्कल्प्टेड हिप्स, ड्रामैटिक ट्रल ट्रेन और फेस फ्रेमिंग फेदर शामिल थी, जो उन्हें रात की सबसे बेहतरीन ड्रेस्ड स्टार में से एक बना रही थी। रोसे ने गाउन में हाई-फैशन ड्रामा पेश किया, जिसमें स्ट्रैपलेस ब्लैक-व्हाइट गाउन, स्लीक मिनी सिल्हूट और वॉल्यूमिनस हाफ-स्कर्ट थी, जो फ्लोर तक कास्केड करती थी।

इस रेड कार्पेट पर सितारों ने संगीत समारोह को फैशन रनवे में बदल दिया। पारंपरिक और सुरक्षित आउटफिट्स की बजाय, इस बार सभी सितारे बोल्ड, शियर, अवांट-गार्डे और स्कल्प्चरल डिजाइन में नजर आए। फैशन के इस प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि ग्रैमी अवॉर्ड्स सिर्फ म्यूजिक ही नहीं, बल्कि ग्लैमर, स्टाइल और क्रिएटिविटी का भी मंच बन गया है। ग्रैमी 2026 की यह रात केवल पुरस्कार वितरण की रात नहीं, बल्कि सितारों के फैशन के साहस और स्टाइल स्टेटमेंट का जश्न भी रही। चाहे वह चापेल रोअन और हाइडी क्लम का निपल-बेयरिंग लुक हो या लेडी गागा और रोसे का हाई-क्लास क्यूचर गाउन, हर लुक ने दर्शकों और फैशन क्रिटिक्स दोनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## एशियन चैंपियनशिप में निशाना लगाएगी मनु भाकर और सुरुचि फोगाट

# डबल इवेंट में जीता था ब्रॉन्ज मेडल

### 118 एथलीट शामिल दिल्ली में प्रतियोगिता

ब्रह्मास्त्र ›› झज्जर



ओलिंपिक में डबल ब्रॉन्ज मेडलिस्ट शूटर अब दिल्ली में होने वाली एशियन शूटिंग चैंपियनशिप में निशाना लगाएगी और देश के लिए मेडल जीतेगी। मनु भाकर और सुरूचि फोगाट आज से होने वाली चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट कर रही हैं। एशियन चैंपियनशिप में मनु भाकर डबल इवेंट में भाग लेने जा रही हैं।

ओलिंपिक में दो डबल ब्रोंज मेडल जीतने वाली शूटर मनु भाकर झज्जर जिले के गांव गौरियां की रहने वाली हैं। मनु भाकर ने पेरिस ओलिंपिक में सिंगल इवेंट और डबल इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। मनु भाकर पहली ऐसी भारतीय महिला हैं, जिन्होंने ओलिंपिक में डबल मेडल अपने नाम किए हैं। वहीं मनु भाकर खेल रत्न अवॉर्ड से भी नवाजी जा चुकी हैं।

**चैंपियनशिप दस दिन चलेगी-** आज से दिल्ली में एशियन चैंपियनशिप राइफल/पिस्टल की शुरूआत हो रही है। राइफल और पिस्टल निशानेबाजों की यह प्रतिष्ठित महाद्वीपीय प्रतियोगिता 10 दिनों तक चलेगी, जिसकी शुरूआत आज बुधवार, 04 फरवरी 2026 से हो गई है, जबकि अंतिम पदक शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 को प्रदान किए जाएंगे।

**20 देशों के निशानेबाज ले रहे भाग-** चैंपियनशिप में मेजबान भारत सहित 20 देशों के कुल 311 एथलीट जूनियर और सीनियर वर्गों में भाग ले रहे हैं, जहां कुल 30 पदक दांव पर होंगे। साथ ही यूथ श्रेणी की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएगी।

**मनु भाकर दो इवेंट में लगाएगी निशाना-** मेजबान भारत ने सबसे बड़ा दल उतारा है, जिसमें 118 एथलीट शामिल हैं। जिनमें देश की झज्जर की मनु भाकर भी इस चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट कर रही हैं। मनु भाकर एयर पिस्टल की 10 मीटर और 25 मीटर दो इवेंट में अपना दमखम दिखएंगी। प्रतियोगिता के पहले दिन बुधवार (04 फरवरी) को चार बड़े फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल, जूनियर पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल और यूथ पुरुष 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल शामिल हैं।

**सुरुचि फोगाट भी लगाएंगी निशाना-** सुरुचि फोगाट भी आज से शुरू हो रही एशियन चैंपियनशिप में भाग ले रही हैं। सुरुचि फोगाट झज्जर जिले के गांव सासरौली की रहने वाली हैं। उनके पिता आर्मी से रिटायर्ड हैं। सुरुचि फोगाट 10 मीटर एयर पिस्टल में निशाना लगाएंगी।

**पहलवानी से शूटिंग की ओर-** सुरुचि का जन्म 28 अप्रैल 2006 को झज्जर के ससरोली गांव में हुआ। पिता इंदर सिंह फोगाट आर्मी से रिटायर्ड हैं, चाहते थे कि उनकी बेटी पहलवानी करे, लेकिन 13 साल की उम्र में हुए कंधे के फ्रैक्चर ने उनकी दिशा बदल दी। यहीं से उन्होंने निशानेबाजी को अपनाया और गुरु द्रोणाचार्य शूटिंग अकादमी भिवानी में कोच सुरेश सिंह के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण शुरू किया।

## भारत 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में




### 6 फरवरी को इंग्लैंड से मुकाबला, अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया, आरोन जॉर्ज का शतक

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

भारत ने 10वीं बार अंडर-19 वर्ल्डकप के फाइनल में जगह बना ली है। बुधवार को टीम ने दूसरे सेमीफाइनल में अफगानिस्तान को 7 विकेट से हराया। 6 फरवरी को टीम इंडिया का फाइनल मैच इंग्लैंड के साथ होगा।

हरारे स्पोर्ट्स क्लब में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी कर रही अफगानिस्तान ने 50 ओवर में 4 विकेट खोकर 310 रन बनाए हैं। टीम से फैजल शिनोजादा (110 रन) और उजैरुल्लाह नियाजई (नाबाद 101 रन) ने शतकीय पारियां खेलीं। भारत से दीपेश देवेन्द्रन और कनिष्क चौहान ने दो-दो विकेट झटके। 311 रन के जवाब में भारतीय टीम ने ओपनर आरोन जॉर्ज (115 रन) के शतक की बदौलत 41.1 ओवर में 3 विकेट पर जीत हासिल कर ली। टीम से वैभव सूर्यवंशी (68 रन) और कप्तान आयुष म्हात्रे (62 रन) ने फिफ्टी लगाई। भारत ने टूनामेंट के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज किया है। इतना ही नहीं, भारत ने यूथ वनडे में सबसे बड़ा टारगेट चेज किया है। इस मुकाबले में 620 रन बने। जोकि भारत और अफगानितान की टीमों के बीच यूथ वनडे मैच में सबसे ज्यादा हैं। पिछला रिकॉर्ड 521 रनों का था, जोकि 5 साल पहले 27 दिसंबर 2021 को क्ळउ के दुबई मैदान पर बना था।

## हरियाणा के खिलाड़ियों का जर्मनी में दबदबा



ब्रह्मास्त्र ›› नारनौल

जर्मनी के शहर पोट्सडम में आयोजित 5वीं ओपन इंटरनेशनल मास्टर्स वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2026 में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 9 पदक अपने नाम किए। इन पदकों में 3 स्वर्ण, 4 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में हरियाणा के दो खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। हरियाणा मास्टर वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की जॉइंट सेक्रेटरी व नारनौल की कविता ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भारत की ओर से 10 सदस्यों की टीम ने भाग लिया। टीम का नेतृत्व भारतीय मास्टर्स वेटलिफ्टिंग फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी उदय शेट्टी की अगुवाई में किया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा के भिवानी जिला के संदीप कुमार ने 65 किलो पुरुष भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की, जबकि हरियाणा के ही ज्योति प्रकाश ने 110 किलो पुरुष भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः विजेता वही बना जिसने हालात समझे

ब्रह्मास्त्र ›› मेलबर्न

ऑस्ट्रेलियन ओपन को कंडीशन स्लैम कहा जाता है और 2026 में यह बात महिला व पुरुष दोनों वर्गों के सेमीफाइनल और फाइनल में साफ दिखाई दी। मेलबर्न की तेज गर्मी और रात की ठंडी परिस्थितियों ने सिर्फ खेल की रफ्तार नहीं बदली, मैच की रणनीति और नतीजे भी तय किए। साल का यह पहला टेनिस ग्रैंड स्लैम उन खिलाड़ियों के नाम रहा, जिन्होंने हालात के हिसाब से अपने खेल को ढाला। महिला कैटेगरी में एलिना रायबकिना और पुरुषों में 22 वर्षीय कार्लोस अल्कारेज ने ट्रॉफी उठाई।

**श्री वी.एस.जी. क्लिनिक सेंटर**
एक्स-रे, सोनोग्राफी, डेकेयर, ओ.पी.डी., मेडिसिन, ई.सी.जी., पैथॉलोजी, टी.एम.टी, ई.ई.जी.
पता- गुरुद्वारा फ्रीगंज उज्जैन मो . 9300064168

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
**समय** :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
**वेतनः**- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छुट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है।
B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता
ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
में. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5 (सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्माः 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबरः 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं– 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## कृषि व डेयरी क्षेत्र के हितों से समझौता नहीं करने के क्या है मायने?

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत में कृषि सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवनशैली का हिस्सा है, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को आजीविका देती है। विकसित देशों की बड़ी कंपनियां भारतीय बाजार में सस्ते अनाज पहुंचाकर किसानों की आय पर असर डाल सकती हैं। अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप कृषि निर्यात के लिए भारत को अहम बाजार मानते हैं।

भारत में कृषि सिर्फ आर्थिक गतिविधि नहीं बल्कि जीवनशैली है व घरेलू अर्थव्यवस्था के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्र है। कृषि एवं पशुपालन से जुड़ी गतिविधियों देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो 70 करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार देती है। विकसित अर्थव्यवस्थाओं में कृषि जहां अत्यधिक मशीनीकरण और कॉरपोरेट आधारित है, वहीं भारत में यह जीवनयापन एवं आजीविका का सवाल है।

वैश्विक खाद्य व्यापार का 90 फीसदी से अधिक हिस्सा करीब पांच बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नियंत्रण में है, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से आक्रामक मूल्य निर्धारण रणनीतियों का इस्तेमाल किया है। अपने किसानों को भारी सब्सिडी देने वाले विकसित देशों की इन कंपनियों को भारत अगर कृषि आयात शुल्क में छूट देता है, तो देश में सस्ते अनाज और उत्पादों की बाढ़ आ सकती है। इससे भारतीय किसानों की आय और आजीविका पर गंभीर असर पड़ेगा।

**ज्यादा बाजार चाहते हैं विकसित देश-** भारत अनाज उत्पादन में काफी हद तक आत्मनिर्भर है, जबकि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ जैसे देशों के लिए कृषि एक बड़ा व्यापारिक उद्योग है। बड़े पैमाने पर मशीनी खेती एवं भारी सरकारी सब्सिडी से अमेरिका और अन्य विकसित देश भारत को अपने निर्यात विस्तार के लिए आकर्षक बाजार मानते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में अमेरिका का कृषि निर्यात 176 अरब डॉलर का रहा, जो उसके कुल वस्तु निर्यात का करीब 10 फीसदी है।

**भारत का कृषि निर्यात-** मूल्य के आधार पर भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कृषि उत्पादक है, लेकिन वैश्विक कृषि निर्यात में उसकी हिस्सेदारी सिर्फ 2.2 फीसदी है, जो 2000 में 1.1 फीसदी थी। वित्त वर्ष 2024-25 में भारत का कुल कृषि निर्यात बढ़कर 51 अरब डॉलर से अधिक पहुंच गया, जो 2023-24 में 45.7 अरब डॉलर था। इसमें से करीब पांच अरब डॉलर का निर्यात अमेरिका को किया गया।

**भारत का लक्ष्य-** 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 437 अरब डॉलर रहा। भारत ने अगले चार वर्ष में कृषि, समुद्री उत्पाद और खाद्य-पेय पदार्थों के संयुक्त निर्यात को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। प्रमुख निर्यात उत्पादों में चाय, कॉफी, चावल, कुछ अनाज, मसाले, काजू, तेल खली, तिलहन, फल और सब्जियां शामिल हैं।

**डब्ल्यूटीओ के नियम और भारत-** भारत के कृषि शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) प्रतिबद्धताओं का उल्लंघन नहीं करते। नियम सदस्य देशों को खाद्य सुरक्षा एवं ग्रामीण रोजगार से जुड़े संवेदनशील क्षेत्रों की रक्षा की अनुमति देते हैं, जो भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

**अमेरिका का कृषि निर्यात-सब्सिडी-** भारत को अमेरिका का कृषि निर्यात 2024 में 1.6 अरब डॉलर रहा। प्रमुख निर्यातों में छिलके रहित बादाम (86.8 करोड़ डॉलर), पिस्ता (12.1 करोड़ डॉलर), सेब (2.1 करोड़ डॉलर) और इथेनॉल/एथाइल अल्कोहल (26.6 करोड़ डॉलर) शामिल हैं। व्यापार विशेषज्ञों के मुताबिक, अमेरिका अपने कृषि क्षेत्र को भारी सब्सिडी देता है और पिछले कुछ वर्षों मे यह उत्पादन मूल्य के 50 फीसदी से भी ज्यादा रही है।



### इसलिए, संवेदनशील क्षेत्र है कृषि

देश की 50 फीसदी से अधिक आबादी कृषि पर निर्भर है। इसलिए, भारत पूरे कृषि क्षेत्र को संवेदनशील मानता है। विशेष रूप से मुख्य फसलों, दूध और प्रमुख कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क ग्रामीण आजीविका के लिए बेहद अहम हैं।

### उच्च शुल्क से मिलता है संरक्षण

भारत का कृषि क्षेत्र फिलहाल मध्यम से ऊंचे शुल्क या आयात शुल्क और नियमों के जरिये संरक्षित है, ताकि घरेलू किसानों को अनुचित प्रतिस्पर्धा से बचाया जा सके। किसी क्षेत्र को खोलने का मतलब आयात प्रतिबंध और शुल्क कम करना होता है। भारत कृषि क्षेत्र की सुरक्षा के लिए शून्य से 150 फीसदी तक का शुल्क लगाता है। अमेरिका भी कुछ कृषि उत्पादों पर ऊंचे शुल्क लगाता है, जैसे तंबाकू पर 350 फीसदी। विशेषज्ञों का कहना है, अमेरिका जटिल नॉन-एड वैलोरेम (एनएवी) शुल्क भी लगाता है, जिससे आयात महंगा हो जाता है। इस तथ्य को व्यापार चर्चाओं में अक्सर नजरअंदाज किया जाता है।

## एअर इंडिया ने

# बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच हुई पूरी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

एअर इंडिया ने अपने सभी ऑपरेशनल बोइंग 787 विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है, जिसमें कोई तकनीकी खामी नहीं पाई गई। यह जांच लंदन-बंगलूरु उड़ान के दौरान एक पायलट द्वारा स्विच में खराबी की रिपोर्ट के बाद की गई थी।

एअर इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपने परिचालन में शामिल बोइंग 787 (ड्रीमलाइनर) विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है और जांच के दौरान किसी तरह की तकनीकी खामी नहीं पाई गई। यह जांच रविवार को लंदन हीथ्रो से बंगलूरु जाने वाली एक उड़ान में फ्यूल कंट्रोल स्विच के खराब होने की घटना के बाद की गई थी। एहतियातन एयरलाइन ने पूरे 787 बेड़े की जांच कराई। वर्तमान में एयर इंडिया के पास कुल 33 बोइंग 787 विमान हैं, जिनमें से 28 विमान परिचालन में हैं। एयरलाइन ने कहा कि सभी ऑपरेशनल विमानों की जांच के बाद उड़ान सुरक्षा को लेकर कोई चिंता सामने नहीं आई है।

एअर इंडिया ने बयान में कहा कि यह जांच एक पायलट द्वारा दर्ज की गई ऑब्जर्वेशन के बाद अतिरिक्त सतर्कता के तहत की गई। एयरलाइन ने यह भी कहा कि वह नियामक संस्था द्वारा की गई स्वतंत्र जांच और उसके बाद एफसीआईएस को क्लियर किए जाने की सराहना करती है। सोमवार को एअर इंडिया के एक पायलट ने लंदन हीथ्रो से बंगलूरु की उड़ान संचालित करने के बाद बोइंग 787-8 विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में खराबी की रिपोर्ट दी थी। इसके बाद विमान को जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया। संबंधित उड़ान में 200 से अधिक यात्री सवार थे, जो सोमवार सुबह बंगलूरु में उतरी।

## रिजर्व बैंक की एमपीसी बैठक शुरू

# संतुलित विकास दर और महंगाई के बीच रेपो दर पर रहेगी नजर



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (टढउ) की तीन दिवसीय बैठक शुरू हो गई है और इसका फैसला शुक्रवार को आएगा। यह बैठक बजट के बाद और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के नए अपडेट के बीच हो रही है। आइए विस्तार से जानते हैं।

भारतीय रिजर्व बैंकी मौद्रिक नीति समिति (टढउ) की तीन दिवसीय बैठक आज से शुरू हो गई है। इस अहम बैठक का नतीजा शुक्रवार को घोषित किया जाएगा। यह बैठक ऐसे समय हो रही है, जब केंद्रीय बैंक बीते एक साल में मौद्रिक नीति में बड़ी नरमी कर चुका है और वैश्विक व घरेलू मोर्चे पर कई अनिश्चितताएं बनी हुई हैं।

**बजट के बाद एमपीसी की पहली बैठक -** यह वित्त मंत्री वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा 1 फरवरी को पेश किए गए तकनीक-केंद्रित बजट के बाद टढउ की पहली बैठक है। साथ ही, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर स्थिति अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है, क्योंकि दोनों देशों की सरकारों ने इसकी सभी शर्तें सार्वजनिक नहीं की हैं। ऐसे में इस बैठक पर बाजार और नीति विशेषज्ञों की खास नजर है।

**फरवरी से अब तक ब्याज दरों में हुई कितनी कटौती-** पिछले एक साल में आरबीआई ने आर्थिक वृद्धि को सहारा देने के उद्देश्य से मौद्रिक नीति में उल्लेखनीय ढील दी है। फरवरी से अब तक केंद्रीय बैंक ने रेपो रेट में कुल 125 आधार अंकों की कटौती की है। दिसंबर की एमपीसी बैठक में भी रेपो रेट को 25 आधार अंक घटाकर 5.25 प्रतिशत कर दिया गया था। इसके साथ ही फ़्क़्कने आर्थिक वृद्धि के अनुमान में भी संशोधन किया था।

## बिक्री में एपल की हिस्सेदारी बढ़कर रिकॉर्ड 28% पहुंची

# देश में बढ़ रही महंगे स्मार्टफोन की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय स्मार्टफोन बाजार में एपल ने अब तक की सबसे ऊंची 28% हिस्सेदारी हासिल की है। आईफोन-16 की जबरदस्त बिक्री, आसान फाइनेंस स्कीम और ट्रेड-इन ऑफर्स से यह उछाल आया। बाजार में वॉल्यूम की तुलना में मूल्य तेजी से बढ़ा, जो भारत में प्रीमियम फोन की बढ़ती पसंद को दर्शाता है।

दिग्गज टेक कंपनी एपल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अब तक की सबसे अधिक 28 फीसदी हिस्सेदारी दर्ज की है। यह वृद्धि प्रीमियमाइजेशन के बढ़ते चलन के कारण हुई है। काउंटरपाइंट रिसर्च की रिपोर्ट के अनुसार, जहां बिक्री में वृद्धि स्थिर बनी हुई है, वहीं कुल बाजार मूल्य में अधिक तेजी से वृद्धि हो रही है, क्योंकि भारतीय खरीदार अधिक महंगे मॉडल खरीद रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत में एपल का 23 फीसदी हिस्सा था।

आईफोन-16 की सफलता, आक्रामक फाइनेंस स्कीमों और ट्रेड इन ऑफर्स के कारण कंपनी ने देश में



अपनी अब तक की सबसे अधिक हिस्सेदारी हासिल की है। 2025 में मूल्य के हिसाब से एपल ने 28 फीसदी हिस्सेदारी के साथ बाजार का नेतृत्व किया। त्योहारों से संबंधित प्रचार और व्यापक चैनल विस्तार ने राजस्व वृद्धि को बढ़ावा दिया। आईफोन-16 सीरीज 2025 में भारत में सबसे अधिक बिकने वाला मॉडल रहा।

यह भारत में किसी भी सीरीज के लिए अब तक की सबसे अधिक वार्षिक बिक्री हिस्सेदारी भी थी। 2025 में भारत के स्मार्टफोन बाजार में वॉल्यूम के हिसाब से एक फीसदी की वार्षिक और मूल्य के हिसाब से 8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि हुई। खुदरा क्षेत्र में 2025 में कुल स्मार्टफोन बिक्री में 40 फीसदी हिस्सा फाइनेंस के जरिये हुआ। 30,000 रुपये से अधिक कीमत वाले प्रीमियम सेगमेंट में लगभग दो-तिहाई खरीदारी फाइनेंस के माध्यम से की गई। यह ग्राहकों को उच्च स्तरीय उपकरणों में अपग्रेड करने में सक्षम बनाने में किस्त विकल्पों की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है।

### तेजी से बढ़ रहा प्रीमियम सेगमेंट

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रीमियम सेगमेंट, एंट्री लेवल और बजट सेगमेंट की तुलना में कहीं अधिक तेजी से बढ़ रहा है। 2025 में प्रीमियम सेगमेंट वॉल्यूम के हिसाब से सबसे तेजी से बढ़ने वाला सेगमेंट बनकर उभरा। इसमें सालाना आधार पर 11 फीसदी की तेजी रही। कुल शिपमेंट में इसका हिस्सा 22 फीसदी रहा, जो अब तक का सबसे अधिक है। इस साल भी प्रीमियम उत्पादों की मांग मूल्य वृद्धि को समर्थन देना जारी रखेगी। हालांकि, एंट्री-लेवल सेगमेंट पर दबाव बना रहेगा।

### फोल्डेबल फोन में सैमसंग आगे

मूल्य के मामले में आईफोन कंपनी एपल आगे है, लेकिन फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में सैमसंग का दबदबा है। 2025 में वॉल्यूम में सैमसंग का 88 फीसदी हिस्सा रहा।

## तीन लाख के करीब पहुंची चांदी की चमक

# सोने ने भी पकड़ी तेज रफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेज उछाल आया है। चांदी करीब 2.98 लाख रुपये प्रति किलो और सोना 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। डॉलर की कमजोरी, वैश्विक मजबूती और भू-राजनीतिक तनाव के कारण सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी है।

देश की सर्राफा बाजार में सोना और चांदी की कीमतों में लगातार दूसरे दिन तेज उछाल दर्ज किया गया। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी की कीमत लगभग तीन लाख रुपये प्रति किलोग्राम के करीब पहुंच गई, जबकि सोना भी नए ऊंचे स्तर पर कारोबार करता दिखा। वैश्विक बाजार के संकेत और डॉलर की कमजोरी के बीच कीमती धातुओं में खरीदारी बढ़ी है। इससे निवेशकों की दिलचस्पी फिर मजबूत हुई है।

सर्राफा कारोबारियों के अनुसार चांदी की कीमत 14,300 रुपये उछलकर 2,98,300 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। इससे पहले पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,84,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। वहीं 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 7,400 रुपये चढ़कर 1,65,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पहुंच गया। एक दिन पहले इसका बंद भाव 1,57,700 रुपये प्रति 10 ग्राम था। दोनों धातुओं में यह उछाल टैक्स सहित कीमतों में दर्ज किया गया।

कारोबारियों का कहना है कि वैश्विक बाजार में मजबूती का रुख और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी ने सोनाझचांदी को सहारा दिया। पिछले हफ्ते आई तेज गिरावट के बाद निवेशकों ने फिर से सुरक्षित निवेश के तौर पर कीमती धातुओं की ओर रुख किया है। बाजार विश्लेषकों के मुताबिक उतारझचढ़ाव और करेक्शन के बाद अब जोरदार रिकवरी देखने को मिल रही है। इंट्रा-डे कारोबार में चांदी में करीब छह प्रतिशत तक उछाल देखा गया। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोना और चांदी दोनों मजबूत रहे। स्पॉट सिल्वर 4.28 डॉलर चढ़कर 89.35 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई। वहीं सोना 100.03 डॉलर बढ़कर 5,047.07 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा। विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक निवेशकों ने भी सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ाई है, जिससे अंतरराष्ट्रीय कीमतों को समर्थन मिला। इसका सीधा असर घरेलू बाजार के भाव पर भी पड़ा।

## उत्तराखंड में पीपल बना दूल्हा, वट बनी दुल्हनः मंत्रोच्चार के साथ वैदिक रीति-रिवाजों से हुई अनोखी शादी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अल्मोड़ा



उत्तराखंड के अल्मोड़ा में पीपल और वट (बरगद) वृक्ष सात जन्मों के साथी बने। 15 साल पूरे होने पर दोनों वृक्षों को दूल्हा-दुल्हन के रूप में सजाकर वैदिक रीति-रिवाजों से विवाह कराया गया। मंत्रोच्चार, मंगलगीत और ढोल-दमाऊं की थाप के बीच आयोजित इस अनोखे समारोह में पूरा गांव बाराती बना।

लमगड़ा विकासखंड की ग्राम पंचायत सैनोली में जब बैंड की धुन गूंजी और बारात निकली तो माहौल बिल्कुल पारंपरिक शादी जैसा हो गया। फर्क सिर्फ इतना था कि यहां दूल्हा-दुल्हन कोई इंसान नहीं, बल्कि दो वृक्ष थे। पीपल को दूल्हा और वट को दुल्हन की तरह सजाया गया था। विवाह से पहले मेहंदी और हल्दी की रस्में निभाई गईं, समधी मिलन हुआ और जयमाला के बाद पुष्पवर्षा की गई।


### प्राइमरी स्कूल की शिक्षिका ने लगाए थे पौधे

इन दोनों पौधों को वर्ष 2011 में हरेला पर्व पर प्राइमरी स्कूल सैनोली की शिक्षिका कला बिष्ट ने लगाया था। 15 वर्ष पूरे होने पर ग्रामीणों ने परंपराओं के अनुसार उनका विवाह कराने का निर्णय लिया। वैवाहिक कार्यक्रम में बहादुर सिंह और चंपा देवी ने कन्यादान की रस्म निभाई, जबकि वर पक्ष की ओर से पान सिंह और शांति देवी बारात लेकर पहुंचे। पुरोहित देवी दत्त जोशी और गिरीश चंद्र जोशी ने विधि-विधान से विवाह संस्कार संपन्न कराया और फेरे कराए। शादी को उत्सव का रूप देते हुए छलिया नृत्य और झोड़ा गायन की प्रस्तुतियां दी गईं। बैंड और डीजे की धुन पर बारातियों और घरातियों ने जमकर नृत्य किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस अनोखे विवाह का साक्षी बना।

## ब्रिटेन ने बोइंग-787 में खराबी पर एअर इंडिया से पूछाः

# फ्यूल स्विच में खामी थी, तो विमान को उड़ान भरने की इजाजत कैसे दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




लंदन में उड़ान भरने से ठीक पहले एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान में आई तकनीकी गड़बड़ी अब अंतरराष्ट्रीय जांच का मामला बन गई है। ब्रिटेन की सिविल एविएशन अथॉरिटी ने एअर इंडिया से इस मामले पर एक हफ्ते में स्पष्टीकरण मांगा है।

यह विमान रविवार को लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट से बेंगलुरु आया था। यहां पहुंचने के बाद सुरक्षा जांच के लिए ग्राउंड कर दिया गया। पायलट ने लैंडिंग के समय विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच में संभावित खराबी की सूचना दी थी। विमान में 200 यात्री सवार थे।

अब ब्रिटिश उअअ ने मामले की सख्त रुख अपनाते हुए एअर इंडिया को लिखे लेटर में पूछा है- जब फ्यूज कंट्रोल स्विच में समस्या देखी गई थी, तो विमान को लंदन से उड़ान भरने की अनुमति कैसे दी गई?

चेतावनी दी है कि अगर भारतीय एयरलाइन कंपनी से पूरा और संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो एअर इंडिया और उसके बोइंग 787 बेड़े के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल एअर इंडिया के बेड़े में बोइंग 787 मॉडल के 33 विमान हैं। इनमें 28 विमान फिलहाल ऑपरेशनल हैं।

### एअर इंडिया ने कहा- फ्यूल स्विच में कोई खामी नहीं

एअर इंडिया ने बुधवार को मामले पर कहा कि उसने अपने सभी ऑपरेशनल बोइंग-787 ड्रीमलाइनर विमानों में फ्यूल कंट्रोल स्विच की एहतियाती जांच पूरी कर ली है और किसी भी विमान में कोई तकनीकी समस्या नहीं पाई गई।

दूसरी तरफ, भारतीय विमानन नियामक उड्डअ की शुरूआती जांच में यह बात सामने आई कि फ्यूल कंट्रोल स्विच के



संचालन में ह्लअपेरेंटली करेक्ट प्रोसिड्योरह्व का पालन नहीं हुआ। उड्डअ ने एअर इंडिया को निर्देश दिया है कि सभी क्रू मेंबर्स सही ऑपरेटिंग प्रोसीजर का पालन अनिवार्य रूप से कराया जाए।

### अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ही क्रैश हुआ था

यह मामला इसलिए भी अहम है क्योंकि पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रहा एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमान ही क्रैश हुआ था। हादसे में 260 लोगों की मौत हुई थी। शुरूआती जांच रिपोर्ट में कहा गया था कि टेक-ऑफ के तुरंत बाद ईंधन की सप्लाई कट गई थी। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (अअव्ह) ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया था कि क्रैश होने से पहले विमान के फ्यूल कंट्रोल स्विच बंद कर दिए गए थे। इसके बाद उड्डअ ने 12 जुलाई 2025 को सभी एयरलाइनों को अपने विमानों में फ्यूल स्विच सिस्टम की जांच करने का निर्देश दिया था।

### फ्यूल कंट्रोल स्विच का काम और तकनीक

फ्यूल कंट्रोल स्विच विमान के कॉकपिट में थ्रस्ट लीवर के पास होते हैं। ये इंजन में फ्यूल की सप्लाई को कंट्रोल करते हैं। इसका मुख्य काम इंजन में फ्यूल की सप्लाई को शुरू करना (रन पोजिशन) या बंद करना (कटऑफ पोजिशन) है।

हर इंजन के लिए अलग-अलग फ्यूल कंट्रोल स्विच होता है। उदाहरण के लिए, बोइंग-787 में दो इंजन हैं, तो दो स्विच होंगे- एक बाएं इंजन के लिए, एक दाएं के लिए।

रन पोजिशनः जब स्विच 'रन' पर होता है, तो फ्यूल वाल्व खुलता है और इंजन में फ्यूल की सप्लाई शुरू हो जाती है। इससे इंजन चालू रहता है और विमान को थ्रस्ट मिलता है।



## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर 31 घंटे बाद जाम खुलाःटैंकर पलटने से रास्ता बंद था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर करीब 31 घंटे बाद गुरुवार सुबह ट्रैफिक जाम खुल गया। यहां 3 फरवरी से डेढ़ लाख वाहनों में लोग फंसे थे। गाड़ियों की 25 किमी लंबी कतारें लग गई थीं। जाम में फंसे लोगों को खाना, पानी और टॉयलेट सुविधाओं की कमी के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

इस जाम में फंसे लोगों में उद्योगपति और पिनैकल ग्रुप के चेयरमैन डॉ. सुधीर मेहता भी शामिल थे। वे एक्सप्रेसवे पर लगभग आठ घंटे तक फंसे रहे और बाद में उन्हें हेलिकॉप्टर से पुणे ले जाया गया। मेहता ने बाद में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर हेलिकॉप्टर से ली गई जाम की तस्वीर शेयर की। मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर खंडाला घाट सेक्शन में 3 फरवरी की शाम करीब 5 बजे अडोशी टनल के पास एक गैस टैंकर पलट गया था। टैंकर से प्रोपाइलीन गैस लीक हो रही थी। इसके बाद सुरक्षा कारणों से एक्सप्रेसवे के कई हिस्से बंद करने पड़े थे। महाराष्ट्र स्टेट रोड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के अनुसार, टैंकर में मौजूद प्रोपाइलीन गैस को दूसरे टैंकरों में ट्रांसफर किया गया। फिर क्षतिग्रस्त टैंकर को रास्ते से हटाया गया। तब जाकर जाम धीरे-धीरे खुलना शुरू हुआ।

## कई राज्यों में कोहरे से विजिबिलिटी 50 मीटर से कम, यूपी में बूंदाबांदी से तापमान गिरा

# उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी, हिमाचल में कोहरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

उत्तराखंड के पिथौरागढ़, उत्तरकाशी, चमोली जैसी जगहों पर बर्फबारी हुई। पिथौरागढ़ के आदि कैलाश और ओम पर्वत तक चोटियां सफेद हो गई है। मसूरी में आधे घंटे तक ओले गिरे। हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर शहर, भाखड़ा डैम के आसपास, मंडी की बल्ह घाटी व सुंदरनगर में कोहरे के कारण विजिबिलिटी 40 मीटर से भी नीचे गिर गई। राजस्थान, बिहार, हरियाणा, मध्य प्रदेश में कोहरे से विजिबिलिटी कहीं 50 मीटर से कम तो कहीं 100 मीटर रही। कोहरे के कारण दिल्ली से भोपाल, इंदौर और उज्जैन आने वाली एक दर्जन से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। सबसे ज्यादा असर मालवा एक्सप्रेस पर पड़ा, जो 8 घंटे से अधिक की देरी से चल रही है। उत्तर प्रदेश में बुधवार को लखनऊ-कानपुर, झांसी समेत प्रदेश के 21 जिलों में घना कोहरा छाया रहा। कई जगह विजिबिलिटी शून्य पर पहुंच गई। प्रयागराज में बुधवार सुबह बूंदाबांदी हुई। इससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई।



### राजस्थान में कुछ दिन मौसम साफ रहेगा

राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का प्रभाव खत्म होने के साथ ही आसमान खुल गया है। जयपुर, जैसलमेर, पिलानी, बीकानेर, अजमेर समेत कई शहरों में बुधवार को पूरे दिन तेज धूप रही। इससे लोगों को तेज सर्दी से राहत रही। भरतपुर संभाग के एरिया में कोहरे रहा और आगामी दो-तीन दिन हल्का से मध्यम कोहरा रहने की संभावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने राज्य में अब अगले 3-4 दिन मौसम साफ रहने की संभावना है। इस हफ्ते सर्दी तेज रहेगी। अगले सप्ताह से सर्दी कम होने लगेगी। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के उत्तर-पश्चिम जिलों में आसमान साफ रहा और तेज धूप निकली। जोधपुर, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के जिलों में दिन में अच्छी धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत रही। भरतपुर संभाग के एरिया में बुधवार सुबह से दोपहर तक हल्का कोहरा रहा। भरतपुर, धौलपुर और अलवर के एरिया में कोहरे का असर रहा। अलवर में अधिकतम तापमान 23.2 और करौली में 22.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक भरतपुर संभाग के एरिया में आज और कल भी हल्के से मध्यम कोहरा देखने को मिल सकता है।

## जाहिर सुचना

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार तके सिंह पिता रतन सिंह जाति कलोता निवासी भवरसला तहसील व जिला इंदौर के स्वामित्व एंव आधिपत्य की कृषि भुमि सर्वे नं. 166/2 रकबा 2.27 हे. भुमि ग्राम फतेहपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन में स्थित हैं। उपरोक्त भुमि मेरी पक्षकारा द्वारा पुर्व भुमि स्वामि मुंशीलाल जाति धाकड पिता राम सिंह जाति धाकड निवासी ग्राम बंगरेड तहसील बडनगर जिला उज्जैन से पंजीकत विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 23/04/2007 को कय की होकर कय करने के पश्चात उपरोक्त भुमि पर कृषि कार्य कर फसल लाभ प्राप्त करती चले आ रहे हैं वर्तमान में भी उपरोकत भुमि पर गेहूं की फसल बो रखी हैं। वर्ष 2009-10 में पटवारी मोजा की त्रुटि के कारण उपरोक्त भुमि पर पुर्व भुमि स्वामी मुंशीलाल पिता राम सिंह का नाम दर्ज हो गया जिसके संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा माननीय न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत कर दिया है। वर्ष 2024 में मुशीलाल की मृत्यु होने से उनके वेध वारिश सुमित्राबाई पति मुंशी लाल एंव शकुन्ताल, राकेश, राजेश, भगवती बाई पिता मुंशीलाल के नाम दर्ज होगा उपरोक्त भुमि सर्वे क. 166/2 पर त्रुटिवश में वर्तमान राजस्व रिकार्ड में सुमित्राबाई पति मुंशी एंव शकुन्तला बाई, राकेश, राजेश भगवती बाई पिता मुंशीलाल का नाम दर्ज होंने के कारण इन व्यक्तियो द्वारा मेरे पक्षकारा से अवैध लाभ अर्जित करने के उददेश्य से उपरोक्त भुमि को पुनः विक्रय करने के प्रयास में है। यदि भुमि सर्वे न. 166/2 रकबा 2.27 हैं. ग्राम फतेहपुर तहसील बडगनर जिला उज्जैन को यदि किसी भी व्यक्ति का अंश, भार, किसी वित्तीय संस्था का ऋण, किसी व्यक्ति द्वारा कय की जाती है। तो उसकी संपुर्ण जवाबदारी उसी व्यक्ति की रहेगी। दिनांक 04/02/2026

**नीरज गिरी अभिभाषक**
**बडनगर जिला उज्जैन**
**मो. नं. 9770014138**

### स्पोर्ट्स सेक्शन बंद; घाटे में चल रही थी जेफ बेजोस की कंपनी

# अमेरिकी अखबार में छंटनी-शशि थरूर के बेटे की नौकरी गई: 300 कर्मचारियों को निकाला

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका के प्रतिष्ठित अखबार वॉशिंगटन पोस्ट ने बुधवार को बड़े पैमाने पर छंटनी की। इस छंटनी में वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय मामलों के कॉलमिस्ट ईशान थरूर भी शामिल हैं। ईशान थरूर कांग्रेस सांसद शशि थरूर के बेटे हैं।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट कर इसकी पुष्टि की। उन्होंने लिखा कि वॉशिंगटन पोस्ट और इंटरनेशनल टीम के कई शानदार पत्रकारों के साथ उन्हें भी नौकरी से निकाला गया है और यह न्यूज रूम के लिए बेहद दुखद दिन है।

कंपनी पिछले कई सालों से घाटे में चल रही थी। इसके चलते लगभग 30% कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया। इसमें न्यूजरूम के करीब 800 पत्रकारों में से 300 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। इस छंटनी में स्पोर्ट्स सेक्शन पूरी तरह बंद कर दिया गया है, हालांकि कुछ रिपोर्टर फीचर्स डिपार्टमेंट में शिफ्ट होकर स्पोर्ट्स की कल्चर कवरेज जारी रखेंगे। लोकल न्यूज सेक्शन छोटा हो जाएगा, बुक्स सेक्शन बंद हो जाएगा और डेली न्यूज पॉडकास्ट “पोस्ट रिपोर्ट्स” भी खत्म हो जाएगा।

## एग्जीक्यूटिव एडिटर बोले- अखबार पाठकों की जरूरतों को पूरा करने में नाकाम

एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने कर्मचारियों से एक कहा कि कंपनी पिछले कई सालों से लगातार घाटा उठा रही है और पाठकों की जरूरतों को पूरा नहीं कर पा रही है।

एग्जीक्यूटिव एडिटर मैट मरे ने स्टाफ को बताया कि यह फैसला दर्दनाक लेकिन जरूरी है, क्योंकि अखबार को बदलती तकनीक और पाठकों की आदतों के अनुसार खुद को ढालना होगा। अब यह हर किसी के लिए सब कुछ नहीं रह सकता। मरे ने बताया कि अब अखबार का फोकस मुख्य रूप से राष्ट्रीय खबरों, राजनीति, बिजनेस और स्वास्थ्य पर ज्यादा होगा, जबकि अन्य क्षेत्रों में कवरेज काफी कम हो जाएगी। जिन कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया गया है, वे 10 अप्रैल तक कंपनी में बने रहेंगे, हालांकि उनसे काम करने की अपेक्षा नहीं की जाएगी। उन्हें छह महीने तक स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिलता रहेगा।

## वॉशिंगटन पोस्ट ने मिडिल ईस्ट रिपोर्टिंग टीम को निकाला

मिडिल ईस्ट, इंडिया और ऑस्ट्रेलिया में रिपोर्टर और एडिटर निकाल दिए गए हैं। काहिरा ब्यूरो चीफ क्लेयर पार्कर ने एक्स पर लिखा कि पूरी मिडिल ईस्ट रिपोर्टिंग टीम को निकाल दिया गया है, जिसे समझना मुश्किल है। यूक्रेन से युद्ध क्षेत्र में रिपोर्टिंग करने वाली लिजी जॉनसन को भी निकाल दिया गया है। एक स्पोर्ट्स रिपोर्टर को इटली में विंटर ओलंपिक्स कवर करने के दौरान छंटनी की सूचना मिली, लेकिन उन्होंने कहा कि वे स्टोरी फाइल करते रहेंगे। कर्मचारियों को कंपनी की एक मीटिंग के बाद ईमेल के जरिए छंटनी की जानकारी दी गई। पूर्व कार्यकारी संपादक मार्टिन बैरन ने इस फैसले की कड़ी आलोचना करते हुए इसे अखबार की ब्रांड वैल्यू को खुद ही नुकसान पहुंचाने वाला कदम बताया। यह छंटनी पत्रकार जगत के लिए एक बड़ा झटका है। वॉशिंगटन पोस्ट अमेजन के संस्थापक और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक जेफ बेजोस के स्वामित्व में है।




## दो साल में वॉशिंगटन पोस्ट को 1,500 करोड़ रुपये का घाटा हुआ

वॉशिंगटन पोस्ट को पिछले कुछ सालों से भारी घाटा हो रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 2023 में अखबार को 77 मिलियन डॉलर (लगभग 650 करोड़ रुपये) का नुकसान हुआ, जबकि 2024 में यह घाटा 100 मिलियन डॉलर (लगभग 840 करोड़ रुपये) तक पहुंच गया। पिछले दो सालों में कुल मिलाकर 177 मिलियन डॉलर (लगभग 1,500 करोड़ रुपये) का घाटा बताया गया है। कंपनी लगातार पैसे गंवा रही थी और कई सालों से मुनाफा नहीं कमा पा रही थी, जिसके कारण पहले भी 2023 और 2025 में वॉलंटरी बायआउट्स और छोटी छंटनियां हो चुकी हैं। इस घाटे की मुख्य वजहें हैं डिजिटल मीडिया में बदलाव, जहां जेनरेटिव अक के बढ़ने से ऑनलाइन सर्च ट्रैफिक पिछले तीन सालों में आधा हो गया है। पहले लोग गूगल सर्च से वॉशिंगटन पोस्ट की खबरें पढ़ते थे, लेकिन अब अक टूल्स से सीधे जवाब मिलने लगे हैं। साथ ही, सब्सक्रिप्शन में भारी गिरावट आई, खासकर 2024 के अंत में राष्ट्रपति चुनाव से पहले जेफ बेजोस के फैसले से कि अखबार किसी राष्ट्रपति उम्मीदवार को समर्थन नहीं देगा।

# जिनपिंग ने अपने 23 भरोसेमंद जनरल हटाए: इनमें से कई लापता

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग**

चीन की सेना में बीते तीन सालों में ऐसा बदलाव हुआ है, जो देश के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया। 2023 की शुरूआत में चीन के पास कम से कम 30 जनरल और एडमिरल थे, जो अलग-अलग खास विभागों और थिएटर कमांड की कमान संभाल रहे थे। इनमें से लगभग सभी को या तो बाहर कर दिया गया है या वे अचानक गायब हो गए हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स की जांच में केवल 7 ऐसे जनरल मिले हैं जो अब भी एक्टिव नजर आते हैं। कई अधिकारी सार्वजनिक रूप से दिखना ही बंद हो गए हैं। आधुनिक चीन के इतिहास में इतनी बड़ी उथल-पुथल पहले कभी नहीं देखी गई।

## दुनिया की दूसरी सबसे शक्तिशाली सेना में कई पद खाली पड़े

2016 में शी जिनपिंग ने चीन की पूरी सैन्य व्यवस्था बदल दी। पहले चीन की सेना 7 मिलिट्री रीजन में बंटी थी। शी जिनपिंग ने इसे खत्म करके देश को 5 थिएटर कमांड में बांटा, ताकि अलग-अलग मोर्चों पर तेजी से फैसला लिया जा सके। सेना, नौसेना, वायुसेना और मिसाइल फोर्स मिलकर काम करें और जंग स्थिति में “एक कमांड, एक जिम्मेदारी” तय हो। इसमें से साउदर्न थिएटर कमांड, वेस्टर्न थिएटर कमांड और नॉर्दर्न थिएटर कमांड में सबसे ज्यादा अफसर हटाए गए हैं। सेंट्रल थिएटर कमांड बस एक मिलिट्री रीजन है जहां पर कम अधिकारी निकाले गए हैं। ये सभी थिएटर कमांड सेंट्रल मिलिट्री कमीशन के आदेश पर काम करने वाली मिलिट्री यूनिट्स हैं। ये सेना, नौसेना, वायुसेना, मिसाइल फोर्स को मिलाकर ऑपरेशन चलाती हैं। इसमें से 6 में से 5 जनरल अब हटाए जा चुके हैं।

# दावा- डोभाल की बैकडोर बातचीत के बाद ट्रेड डील

### विदेश मंत्री से कहा था- भारत झुकेगा नहीं, ट्रम्प के हटने का इंतजार करेंगे



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले साल सितंबर की शुरूआत में चीन गए थे, जहां उन्होंने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से दोस्ताना मुलाकात की थी। इसके कुछ ही दिनों बाद भारत ने अमेरिका के साथ बिगड़ते रिश्तों को संभालने की कोशिशें तेज कर दीं।

इसी सिलसिले में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (ठरअ) अजित डोभाल को वॉशिंगटन भेजा गया। वहां उन्होंने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया ब्लूमबर्ग ने सूत्रों के हवाले से दी है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, इस बातचीत में डोभाल ने साफ कहा कि भारत अमेरिका के साथ चल रही कड़वाहट को खत्म करना चाहता है और दोबारा ट्रेड डील पर बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। हालांकि, डोभाल ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत किसी भी तरह के दबाव में नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनकी टीम सख्त रुख अपनाती है, तो भारत मौजूदा सरकार के कार्यकाल के खत्म होने का इंतजार भी कर सकता है। भारत इससे पहले भी अमेरिका की मुश्किल सरकारों का सामना कर चुका है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल ने यह भी कहा था कि भारत चाहता है कि ट्रम्प और उनके सहयोगी भारत के खिलाफ खुलेआम बयान देना बंद करें, ताकि रिश्ते दोबारा पटरी पर आ सकें। उस वक्त भारत ट्रम्प के बयानों से नाराज था, क्योंकि अगस्त में ट्रम्प ने भारतीय सामान पर 50% टैक्स लगा दिया था। ट्रम्प ने भारत की अर्थव्यवस्था को “डेड” (मरी हुई) कहा था और आरोप लगाया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में मदद कर रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, डोभाल की इस बातचीत के कुछ ही दिनों बाद हालात बदलते दिखने लगे। 16 सितंबर को ट्रम्प ने पीएम मोदी को उनके जन्मदिन पर फोन किया और उनके काम की तारीफ की।

# तूफान में बोट पलटने से दूर बहा परिवार, 4 घंटे तैरता रहा 13 साल का बच्चा, मां और भाई-बहन की जान बचाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सिडनी**

ऑस्ट्रेलिया में 13 साल के एक बच्चे ऑस्टिन एपलबी ने समुद्र में करीब 4 घंटे तैरकर अपनी मां और दो छोटे भाई-बहनों की जान बचाई। वह परिवार के साथ समुद्र में गया था। अचानक लहरें तेज हो गईं। बोट पलटने से सभी बहते हुए समुद्र में 14 किमी दूर निकल गए थे।

द गॉर्जियन के मुताबिक, जोआन एपलबे अपने बच्चों ऑस्टिन, ब्यू और ग्रेस के साथ पर्थ से करीब 200 किलोमीटर दूर क्विंडलप में छुट्टियां मना रही थीं। शुक्रवार दोपहर वे समुद्र के किनारे पैडलबोर्ड के साथ पानी में खेल रहे थे। शुरूआत में सब ठीक था, लेकिन बच्चे थोड़ा दूर चले गए और तभी तेज हवा चलने लगी।

हवा के कारण उनके चप्पू गिर गए और वे सभी धीरे-धीरे समुद्र में बहने लगे। हालात बहुत जल्दी खराब हो गए। जोआन को लगा कि अब



किसी को मदद लाने के लिए किनारे जाना होगा। उन्होंने अपने 13 साल के बेटे ऑस्टिन को चुना, क्योंकि उन्हें लगा वही सबसे मजबूत है।


ऑस्टिन समुद्र में तैरकर मदद लाने निकल पड़ा। उसने अपनी लाइफ जैकेट भी उतार दी क्योंकि वह मदद नहीं कर रही थी। अगले दो घंटे तक वे डर के बावजूद प्रार्थना करते रहे, गाने गुनगुनाते रहे और अच्छी बातें सोचते रहे। ऑस्टिन ने कहा कि वे अपनी मां, भाई, बहन, दोस्तों और अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में सोच रहे थे। जब उनके पैर जमीन से टकराए, तो उन्हें यकीन नहीं हुआ कि वे किनारे पहुंच गए हैं। लेकिन तभी उन्हें याद आया कि उनका परिवार अभी भी समुद्र में हो सकता है। शाम करीब छह बजे वे किनारे पहुंचे और 2 किमी दौड़कर अपनी मां के बैग तक पहुंचे वहां, उसने फोन मिलने पर रेस्क्यू टीम से मदद मांगी। इसके बाद पुलिस ने बड़े स्तर पर तलाश शुरू की।

## लीबिया के पूर्व तानाशाह गद्दाफी के बेटे की हत्या

लीबिया के पूर्व तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी के बेटे सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। लीबियाई न्यूज चैनल फवासेल के मुताबिक जिंटान शहर में उनके घर पर चार हमलावरों ने हमला किया और उन्हें मार डाला। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी के वकील खालिद अल-जैदी और राजनीतिक सलाहकार अब्दुल्ला ओथमान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए उनकी मौत की जानकारी दी। हालांकि शुरुआती बयानों में हत्या की वजह या हमलावरों की पहचान को लेकर कोई जानकारी नहीं दी गई। सैफ अल-इस्लाम की मौत को लेकर उनकी बहन ने अलग ही दावा किया है। इइउ ने लीबियाई टीवी के हवाले से बताया कि सैफ अल-इस्लाम की मौत लीबिया-अल्जीरिया सीमा के पास हुई। सैफ अल-इस्लाम की उम्र 53 साल थी। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को कभी अपने पिता का उत्तराधिकारी माना जाता था। सैफ अल-इस्लाम गद्दाफी को लंबे समय तक अपने पिता मुअम्मर गद्दाफी का राजनीतिक उत्तराधिकारी माना जाता रहा। उनका जन्म 25 जून 1972 को त्रिपोली में हुआ। गद्दाफी परिवार लीबिया में दशकों तक सत्ता में रहा और सैफ अल-इस्लाम उसी ताकतवर परिवार का सबसे पढ़ा-लिखा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाना-पहचाना चेहरा थे।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. शमशीर, कृपाण-4
4. उपद्रवी, आतंकी-4
6. अनुबंध, संधि-3
8. धोखा, छल, मक्कारी-3
9. चांदी-3
11. अश्रु-2
13. नीचता-5
15. कुंजी, जिससे ताला खोलते हैं-2
16. पुराना जुकाम-3
18. प्रश्न-3
19. चांदी-3
20. जहां ताजिये दफ्न किए जाते हैं-4
22. बोरिया-बिस्तर-4

### ऊपर से नीचे

1. झगड़ा, कहासुनी-4
2. संगीत यंत्र-2
3. बहुत बड़ा, विशाल-3
4. अपनत्व, अपनापा-5
5. अनबन, झगड़ा-4
7. कपड़े धोनेवाला-3
10. तहजीबदार-5
12. अकस्मात, सहसा-4
14. दृष्टि, निगाह-3
17. बेमिसाल, अनूठा-4
18. बलवान-3
21. उम्मीद, आशा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | | 33 | | 71 | | 55 | = | 70 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 28 | | 24 | | 50 | | 42 | = | 12 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 23 | | 3 | | 9 | | 4 | = | 15 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 27 | | 4 | | 73 | | 7 | = | 1 / 89 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ईं | ठे | र्जु | शि | या | ह | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | ब | ट | ट | प | थि |
| प्र | ग | ल | न | ब | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | ण | अ | सी | बी | जा | ह | कि | मि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | यु | व | प | जा | ब | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | ट | र | सा | या |
| क | म | ल | ना | थ | जी | ज | जी | ब | ट | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | व्रा | र | अ | प | श |
| व | शि | वा | जी | पा | टि | ल | ला | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 5 |
| 2 | 28 | 4 | 33 | 7 | 35 | 4 |
| 1 | 2 | | 6 | 4 | 7 | |
| | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | |
| 4 | 2 | | 3 | | 1 | 7 |
| | 31 | | 31 | 1 | 30 | 6 |
| 6 | | 7 | 4 | 3 | | 2 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ



# गाजियाबाद ट्रिपल सुसाइड, बहनें खुद को कोरियन मानती थीं

# यूट्यूब से भाषा सीखी; हिंदुस्तानी लड़के पसंद नहीं थे










**गाजियाबाद में 3 बहनों ने 9वीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। पहले सामने आया कि उन्होंने कोरियन गेम खेलने के दौरान टास्क पूरा करते हुए मौत को गले लगाया। मगर 10 घंटे की छानबीन के बाद पता चला कि पिता चेतन ने बच्चों को डांटा था। मोबाइल भी छीन लिया था। इसके बाद उन्होंने 3 फरवरी की रात 2 बजे बालकनी से कूदकर सुसाइड कर लिया।**

निशिका 16 साल, प्राची 14 साल जबकि पाखी 12 साल की थी। कमरे से मिली डायरी, परिवार ने बेटियों की जिंदगी के बारे में बताया, उससे सामने आया कि बच्चियां खुद को भारतीय नहीं, कोरियर मान रही थीं। उन्हें लड़के भी कोरियन पसंद आते थे। वे अपना नाम बदल चुकी थीं। यूट्यूब चैनल बनाकर उस पर कोरियन कंटेंट जनरेट करती थीं। यूट्यूब की मदद से कोरियर भाषा भी सीख ली थी। घर में बातचीत भी कोरियाई भाषा में करतीं थी। कैसे ये बच्चियां खुद को कोरियन समझने लगीं,

## कोविड में स्कूल छूटा, फिर बच्चियां कोरियन मूवी देखने लगीं



इसी सोसाइटी की 9वीं मंजिल पर चेतन रहते थे। उनकी 3 बेटियों ने 3 फरवरी की रात बालकनी से कूदकर सुसाइड कर लिया।

शुरूआत छानबीन में जो फैक्ट सामने आए, वे बेहद चौंकाने वाले थे। 6 साल में बच्चियां कोरियन कल्चर में ढल चुकी थीं। कोविड काल (2020) में बहनों के स्कूल छूटे, तो मोबाइल पर कोरियन मूवी और फिर वेब-सीरीज देखने लगीं। निशिका कोरियन कल्चर में सबसे पहले ढली, बाद में प्राची और पाखी भी अपनी बड़ी बहन को फॉलो करने लगीं।

परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया- कोविड के दौरान तीनों लड़कियां कई-कई घंटे कोरियन म्यूजिक सुनती थीं। साथ ही, फिल्में, वेब सीरीज और वीडियो देखती रहती थीं। उन पर कोरियन कल्चर का इतना असर हुआ कि वो खुद को भारतीय की जगह कोरियन मानने लगी थीं। कोरियन लोगों की तरह पहनावा, खाना, बात करने का तरीका अपनाने लगीं। वीडियो और इंटरनेट की मदद से कोरियन भाषा सीखने लगीं। आपस में कोरियन भाषा में बात भी करती थीं। स्थिति यह हो गई कि पिता को भारतीय और खुद को कोरियन बताने लगीं।

### तीनों ने मिलकर यूट्यूब चैनल बनाया, कोरियर कंटेंट बनाती थीं

निशिका 2022 में धीरे-धीरे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कोरियर रील्स देखने लगी। उसका कोरियन रील की ओर रुझान बढ़ता गया। तीनों ने मिलकर एक यूट्यूब चैनल बनाया। उस पर कोरियन कल्चर आधारित कंटेंट अपलोड करती थीं।

यही वजह रही कि पिता ने उनसे मोबाइल फोन छीन लिए थे। इस चैनल को तीनों बहनों ने एक महीने पहले खुद ही डिलीट भी कर दिया था। निशिका क्लास चार, प्राची क्लास तीन और पाखी दूसरी कक्षा तक पढ़ी थी।

पढ़ाई-लिखाई में रुचि कम होने से तीनों बहनें फेल होने लगीं तो स्कूल जाना बंद कर दिया। आर्थिक तंगी के चलते पिता चेतन ने भी पढ़ाई पर ज्यादा जोर नहीं दिया, क्योंकि उन्हें लग रहा था कि एक खर्च कम हो रहा, वे प्लान कर रहे थे कि जब आर्थिक स्थिति सुधरेगी, तब दोबारा एडमिशन करवा देंगे।


### छोटी बहन से बातचीत की बंद

निशिका, प्राची और पाखी ने चार साल की छोटी बहन को भी साथ रखना शुरू कर दिया था। उसे भी कोरियन वीडियो दिखाना और भाषा सिखाने की कोशिश की। पिता ने यह देखा तो तीनों बहनों को डांटकर छोटी बेटी को इन सब से दूर रखने को कहा।


सूत्रों के अनुसार, उस दिन से तीनों ने छोटी बहन से दूरी बना ली। उससे बातचीत बंद कर दी। 3 फरवरी की रात तीनों बेटियां चेतन की पहली पत्नी के साथ कमरे में सो रही थीं। रात करीब डेढ़ बजे तीनों ने मां के गालों को चूमकर आई लव यू कहा और कमरे से निकल गईं। इसके बाद वह पूजा वाले कमरे में गईं। बालकनी पर 2 स्टेप वाले स्टूल लगाए। फिर एक-एक करके छलांग लगा दी। इससे पहले उन्होंने कमरे का लॉक लगा दिया।

## स्मार्टफोन में ऐसे ऑन करें पेरेंटल कंट्रोल फीचर







सबसे पहले मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर पर जाएं।




उसके बाद अपनी प्रोफाइल फोटो पर क्लिक करें।



सेटिंग्स के ऑप्शन पर जाकर पेरेंटल कंट्रोल को सिलेक्ट करें।



पेरेंटल कंट्रोल को ऑन करके स्ट्रॉन्ग पिन डाल दें।



इसके बाद स्क्रीन पर रिस्ट्रिक्शन सेट कर सकते हैं।

सोर्स: राहुल मिश्रा, साइबर एडवाइजर (यूपी पुलिस)

## बच्चों को मोबाइल देते समय पेरेंट्स इन बातों का रखें ध्यान




1. अपने बच्चों के मोबाइल यूज की पूरी निगरानी करें।
2. गूगल प्ले स्टोर पर पेरेंटल कंट्रोल ऑप्शन को ऑन करें।
3. बच्चों की पसंदीदा साइटों को बुकमार्क करें।
4. ऑनलाइन पेमेंट ऐप्स पर स्ट्रॉन्ग पासवर्ड लगाकर रखें।
5. सोशल मीडिया ऐप्स पर भी पेरेंटल कंट्रोल ऑन करें।
6. इंटरनेट एक्टिविटी ट्रैक करने के लिए बच्चों की अलग ई-मेल आईडी बनाएं।

सोर्स: राहुल मिश्रा, साइबर एडवाइजर (यूपी पुलिस)

## साली से रिलेशन बढ़ाए, तो पत्नी घर छोड़ गई

पुलिस की जांच में आया कि चेतन अपने कारोबार में 2 करोड़ रुपए का घाटा झेल चुका है, जिससे परिवार में क्लेश होता था। पहली पत्नी और फिर उसकी छोटी बहन हिना से दूसरी शादी कर ली थी। एक साल से चेतन ने उनकी तीसरी और सबसे छोटी बहन को भी घर में रखा हुआ था। मई, 2025 में जब चेतन का पहली पत्नी से झगड़ा हुआ था। तब उसने कहा कि मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी, मेरी बहन से भी शादी कर ली। मैं उसे भी सहन कर चुकी, अब मेरी तीसरी बहन को घर में रख लिया। कम से कम उसकी तो जिंदगी बर्बाद मत करो। इसी बात पर पहली पत्नी नाराज होकर चली गई, जिसके बाद चेतन ने पत्नी के गुम होने की रिपोर्ट टीलामोड थाने में दर्ज कराई थी। बाद में पत्नी को दिल्ली से ले आया।



■ वर्ष-12 अंक-94 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

### सुभाषितानि

अग्निना सिच्यमानोऽपि वृक्षो वृद्धिं न चाप्नुयात्।
तथा सत्यं विना धर्मः पुष्टिं नायाति कर्हिचित्॥

**भावार्थ** : अग्नि से सींचे हुए वृक्ष की वृद्धि नहीं होती, जैसे सत्य के बिना धर्म पुष्ट नहीं होता।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बृहस्पतिवासरः 05 फरवरी, 2026

नानृतात्पातकं किञ्चित् न सत्यात् सुकृतं परम्।
विवेकात् न परो बन्धुः इति वेदविदो विदुः॥

**भावार्थ** : वेदों के जानकार कहते हैं कि अनृत (असत्य) के अलावा और कोई पातक नहीं; सत्य के अलावा अन्य कोई सुकृत नहीं और विवेक के अलावा अन्य कोई भाई नहीं।

## सम्पादकीयम्

### उभयपक्षेभ्यः प्रतिक्रियाः

राजनीतिषु आरोपाः सामान्याः सन्ति, परन्तु द्वयोः एजेन्सीयोः-ईडी-राज्यपुलिसयोः-सङ्घर्षः गम्भीरः विषयः अस्ति। तेषां कार्यशैल्याः कार्यशैली एकस्य राजनैतिकदलस्य वा अन्यस्य वा प्रभावे सन्ति इति भावः न भवितव्यः। उभयपक्षः निरीक्षणस्य अधीनः। यदि प्रश्नः पुलिसहस्तक्षेपस्य विषये अस्ति तर्हि ईडी इत्यस्य कार्यवाहीयाः समयः अपि संवीक्षणे अस्ति। न्यायालये उद्धृतः विषयः आसीत् यत् ईडी-द्वारा अन्वेषणं क्रियमाणस्य अङ्गारघोटाले अन्तिमं वक्तव्यं २०२४ तमस्य वर्षस्य फरवरीमासे अभिलेखितम् आसीत्, एतावता दीर्घान्तरस्य अनन्तरं इदानीं कार्यवाही किमर्थम् अस्मिन् वर्षे बङ्गालदेशे विधानसभानिर्वाचनं निर्धारितम् अस्ति, अतः एषः प्रश्नः स्वाभाविकः एव। सुधारस्य स्थानं। आँकडान् दृष्ट्वा गतवर्षस्य मार्चमासे सर्वकारेण संसदं सूचितं यत् १० वर्षेषु ईडी इत्यनेन राजनेतृणां विरुद्धं १९३ प्रकरणाः दाखिलाः, केवलं द्वयोः अपि दोषीत्वं प्राप्तम्। इदानीं गतवर्षस्य मेमासे सर्वोच्चन्यायालयेन टिप्पणी कृता यत केन्द्रीयसंस्था संविधानस्य संघीयसंरचनायाः उल्लङ्घनं करोति। यद्यपि एतादृशविशिष्टप्रकरणस्य आधारेण कस्यापि केन्द्रीयसंस्थायाः विषये अन्तिममतं निमार्तुं अनुचितं भविष्यति तथापि निःसंदेहं ईडी इत्यस्य कार्यशैल्यां सुधारं कर्तुं विचारयितुं आवश्यकता वर्तते। ईडी मुख्यमन्त्री ममता बनर्जी राज्यपुलिसयोः विरुद्धं गम्भीरान् आरोपं कृतवान् अस्ति, यत्र अन्वेषणे हस्तक्षेपः, प्रमाणस्य चोरी च अस्ति। ममता बनर्जी तु आरोपयति यत् आई-पैक इत्यस्य समीपे तृणमूलकाङ्ग्रेस-दत्तांशः आसीत्।

### आर्थिकसर्वक्षणेन वैश्विकचुनौत्यस्य मध्यं

## भारतस्य सशक्तगतिस्य सुधारस्य च चित्रं प्रस्तुतं भवति इति प्रधानमन्त्री मोदी वदति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आर्थिकसर्वक्षणं २०२५-२६ वैश्विकअनिश्चिततानां, व्यापारजोखिमानां, भूराजनीतिकतनावानां च मध्ये भारतस्य अर्थव्यवस्था यत् सामर्थ्यं प्रगच्छति तत् स्पष्टतया प्रतिबिम्बयति। केन्द्रीयवित्तमन्त्री निर्मलासीतारमणेन संसदे प्रस्तुतस्य सर्वेक्षणस्य प्रतिक्रियां दत्त्वा प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी उक्तवान् यत् एतत दस्तावेजं भारतस्य सुधार-एक्स्प्रेस् इत्यस्य यथार्थं चित्रं प्रस्तुतं करोति तथा च दर्शयति यत् चुनौतीपूर्णवैश्विकवातावरणस्य अभावेऽपि देशः निरन्तरप्रगतेः मार्गे अस्ति।

सामाजिकमाध्यममञ्चे इत्यत्र स्वसन्देशे प्रधानमन्त्री मोदी अवदत् यत् आर्थिकसर्वक्षणेन भारतस्य दृढं स्थूल-आर्थिक-आधारं, स्थिर-वृद्धि-गतिः, अद्यत्वे राष्ट्रनिमार्णे नवीनतायाः, उद्यमशीलतायाः, आधारभूतसंरचनायाः च वर्धमानस्य भूमिकायाः प्रकाशनं कृतम् अस्ति सः अपि अवदत् यत् सर्वेक्षणेन समावेशीवृद्धेः महत्त्वं रेखांकितम् अस्ति, यत्र कृषकाणां, सूक्ष्म-लघु-मध्यम-उद्यमानां, युवानां रोजगारस्य, समाजकल्याणस्य च विषये विशेषं ध्यानं दत्तम् अस्ति।

प्रधानमन्त्रिणः मते आर्थिकसर्वक्षणं केवलं आँकडानां संकलनं न भवति, अपितु आगामिवर्षेभ्यः नीतिनिर्माणस्य मार्गदर्शनं करिष्यति इति दस्तावेजम् अस्ति। सः अवदत् यत् एतत् स्पष्टतया विनिर्माणस्य सुदृढीकरणस्य, उत्पादकतावर्धनस्य, विकसितभारतस्य प्रति तीव्रगत्या प्रगतिस्य च मार्गचित्रं प्रस्तुतं करोति। सर्वेक्षणे प्रस्तुतं विश्लेषणं निष्कर्षं च नीतिनिमार्तृणां सूचितनिर्णयेषु सहायतां करिष्यति, भारतस्य आर्थिकभविष्यस्य विषये विश्वासं च सुदृढं करिष्यति इति प्रधानमन्त्रिणा विश्वासः प्रकटितः।

केन्द्रीयवित्तमन्त्री निर्मला सीतारमणः अपि आर्थिकसर्वक्षणसम्बद्धे प्रधानमन्त्री मोदी नेतृत्वस्य प्रशंसाम् अकरोत्। सा अवदत् यत् भारतस्य स्थूल-आर्थिक-स्थितिः पूर्वस्मात् अपि अधिकं सुदृढा अभवत्, वैश्विक-चुनौत्यानाम् अभावे अपि देशे उच्च-वृद्धि-प्रक्षेपवक्रता निर्वाहिता अस्ति तस्याः मते प्रतिकूल-अन्तर्राष्ट्रीय-स्थितीनां सफलतया मार्गदर्शनं कृत्वा भारतस्य सम्भाव्य-जीडीपी-वृद्धेः दरं ७ प्रतिशतं यावत् वर्धयितुं सफलः अभवत्।

आर्थिकसर्वक्षणस्य २०२५-२६ इत्यस्य प्रमुखनिष्कर्षाः परियोजनां कुर्वन्ति यत् भारतीय अर्थव्यवस्थायाः विकासस्य दरः अग्रिमे वित्तीयवर्षे ६.८ तः ७.२ प्रतिशतं यावत् भवितुम् अर्हति, एप्रिलमासात् आरभ्य। एतत् पूवार्नुमानं तस्मिन् समये आगतं यदा वैश्विक-अर्थव्यवस्था व्यापार-तनावैः, आपूर्ति-शृङ्खला-विघटनैः, वित्तीय-अस्थिरतायाः च सह ग्रस्ता अस्ति। तदपि भारतं विश्वस्य द्रुततरं वर्धमानेषु प्रमुखेषु अर्थव्यवस्थासु एव तिष्ठति इति अपेक्षा अस्ति।

### नूतनमार्गदर्शिकानां

## अनुसरणं कृत्वा अधुना संस्थाः आन्तरिकलोकपालस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

आरबीआइ-अनुसारं एषा व्यवस्था अपि आवश्यकी आसीत् यतोहि अनेकेषु प्रकरणेषु प्रारम्भिकपदे शिकायतां वैधकारणं विना अङ्गीकृतानि अथवा तस्याः निराकरणं विलम्बितम्। ततः ग्राहकस्य बहुकालं प्रतीक्षितुं वा बाह्यमञ्चानां आश्रयं ग्रहीतुं वा विकल्पः भवति। नूतनमार्गदर्शिकानां अनुसरणं कृत्वा अधुना संस्थाः आन्तरिकलोकपालस्य माध्यमेन प्रत्येकस्य अस्वीकृतस्य अथवा अपूर्णतया निराकृतस्य शिकायतया निष्पक्षसमीक्षां कर्तुं उत्तरदायी भविष्यन्ति। ग्राहकानाम् अनुभवस्य उन्नयनार्थं एतत् कदमः माइलस्टोन् सिद्धः भवितुम् अर्हति इति बैंकविशेषज्ञाः मन्यन्ते। एतेन न केवलं शिकायतां निबन्धने समयस्य रक्षणं भविष्यति अपितु प्रथमवारं न्यायपूर्वकं न्यायपूर्वकं च निराकरणाय संस्थासु दबावः अपि भविष्यति। आन्तरिकलोकपालस्य उपस्थित्या कस्मिन् अपि स्तरे प्रमादः मनमानानि वा न उपेक्षितानि इति सुनिश्चितं भविष्यति।

ग्राहकस्य दृष्ट्या एषः परिवर्तनः महत्त्वपूर्णः अस्ति। प्रायः अवलोक्यते यत् सामान्याः उपभोक्तारः बैंकनियमैः प्रक्रियाभिः च पूर्णतया परिचिताः न सन्ति, यदा तु बैंककर्मचारिणः तान्त्रिकविषयाणां उद्धरणं दत्त्वा शिकायतां निराकरोति अधुना एतादृशेषु सन्दर्भेषु आन्तरिकलोकपालः सन्तुलितं दृष्टिकोणं स्वीकुर्वितुं शक्नोति यत् नियमानाम् सम्यक व्याख्या कृता अस्ति तथा च ग्राहकस्य अधिकारस्य आदरः कृतः इति। आरबीआइ-संस्थायाः एषः निर्णयः व्यापक-आर्थिक-सामाजिक-सन्दर्भे अपि दृश्यते। डिजिटलव्यवहारस्य, ऑनलाइन-ऋणस्य, फिन्टेक-सेवानां च तीव्रगत्या वर्धमानेन शिकायतां संख्या अपि वर्धिता अस्ति।

## अन्ते एषः वादविवादः मौलिकप्रश्ने क्वथति यत् ईश्वरः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

अङ्गीयमाध्यमविशेषज्ञाः समाजशास्त्रज्ञाः च मन्यन्ते यत् आस्थायाः सामाजिकदायित्वस्य च सन्तुलनं अत्यावश्यकम्। अनेके प्रगतिशीलचिन्तकाः सूचितवन्तः यत् धार्मिकस्थानेषु एतादृशी व्यवस्था निर्मातव्या यत्र संस्कारानन्तरं अर्पितं दुग्धं वा भोजनं वा स्वच्छतापूर्वकं आवश्यकतावशात् वितरितुं शक्यते 'दुग्धभिषेक' इत्यस्य एषः वायरल्-वीडियो इत्ययं सिद्धयति यत् अद्यतनः चेतनः भारतः केवलं प्रतीकेषु विश्वासं न करोति, अपितु तेषां प्रतीकानाम् पृष्ठतः निगूढं मानवीयं करुणाम् अपि अन्वेषयति। अन्ते एषः वादविवादः मौलिकप्रश्ने क्वथति यत् ईश्वरः केवलं संस्कारैः प्रसन्नः अस्ति वा लघुमानवकर्मभिः प्रसन्नः भवति यत् कस्यचित् जीवने परिवर्तनं आनेतुं शक्नोति?

## राशिफल

**मेष** : आज लोगों के लिए काफी बिजी साबित हो सकता है। जरूरत पड़ने पर फैमिली या पार्टनर से सलह लें।

**वृषभ** : आज का दिन आपके लिए ठीक है, लेकिन कोशिश करें कि निवेश को लेकर अलर्ट रहें। घर में खुशियों का माहौल रहेगा।

**मिथुन** : आज का दिन उतार-चढ़ाव से भरपूर रहने वाला है। इस समय आपको घर और ऑफिस में बैलेंस बानान होगा।

**कर्क** : आज आपके लिए एक शानदार दिन रहेगा, इसलिए पॉजिटिव रहने के लिए के लिए तैयार हो जाएं।

**सिंह** : आज का दिन आलस भरा साबित हो सकता है। रिलेशनशिप के मामले में थोड़ा पॉजिटिव सोच बनाकर रखना होगा।

**कन्या** : जिम्मेदारियां ज्यादा लग सकती हैं, लेकिन धैर्य रखेंगे तो सब संभल जाएगा। मेहनत करने से रिजल्ट अच्छा ही मिलेगा।

**तुला** : आज का दिन बदलावों से भरपूर रहने वाला है। निवेश से पहले रिसर्च करें और अपने खर्चों को लेकर खास ध्यान दें।

**वृश्चिक** : आज अलग तरीके से सोचने का मन करेगा। दोस्ती में कोई छोटी गलतफहमी हो तो तुरंत क्लियर कर लें।

**धनु** : आज का दिन आपके लिए खुशखबरी लाएगा, एजुकेशन के मामले में आपोक अच्छी खबर मिल सकती है।

**मकर** : सीनियर्स या मैनेजमेंट की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। आज का आपका दिन पॉजिटिव एनर्जी से भरपूर रहने वाला है।

**कुंभ** : समय पर काम ना पूरा होने से आपको ऑफिस में दिक्कत हो सकती है, इसके लिए आपको अभी से डेडलाइन तय करनी होगी।

**मीन** : दूसरों की मदद करने का मन बनेगा। कोई पुरानी याद मन में आ सकती है, लेकिन उसे लेकर परेशान न हो।

### ज्योतिष/वास्तु

# सूर्य-गुरु नवपंचम योग से चमकेगी किस्मत, 5 राशियों की होगी जबरदस्त तरक्की

5 मार्च 2026 को बनने वाला सूर्य-गुरु नवपंचम योग करियर और आर्थिक उन्नति के नए रास्ते खोलेगा। यह शुभ संयोग आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और भाग्य को मजबूत करेगा। नौकरी और व्यवसाय में प्रगति के साथ मान-सम्मान और समृद्धि बढ़ने के संकेत हैं। खासतौर पर 5 राशियों के लिए यह योग जीवन में बड़ा सकारात्मक मोड़ ला सकता है।

वैदिक ज्योतिष के अनुसार 5 मार्च 2026 का दिन बेहद खास माना जा रहा है, क्योंकि इस दिन आकाश में एक दुर्लभ और अत्यंत शुभ ग्रहयोग का निर्माण होने जा रहा है। ग्रहों के राजा सूर्य और देवगुरु बृहस्पति जब एक-दूसरे से 120 डिग्री के कोण पर स्थित होते हैं, तो नवपंचम योग बनता है। यह योग आत्मबल, सौभाग्य, ज्ञान और उन्नति का प्रतीक माना जाता है। सूर्य जहां आत्मविश्वास, प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता प्रदान करता है, वहीं गुरु जीवन में विस्तार, सही दिशा और सकारात्मक अवसरों का संकेत देता है।

सूर्य और गुरु का यह नवपंचम योग ज्योतिष में विशेष फलदायी माना गया है, क्योंकि इसके प्रभाव से व्यक्ति के जीवन में बड़े और स्थायी बदलाव देखने को मिलते हैं। खासतौर पर करियर, नौकरी, व्यापार, धन और मान-सम्मान के मामलों में यह योग नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। 5 मार्च 2026 को बनने वाला यह संयोग 5 राशियों के लिए किसी वरदान से कम नहीं होगा, जिनके जीवन में भाग्य का साथ, सफलता और समृद्धि के प्रबल संकेत बन रहे हैं।

**मेष राशि –** मेष राशि वालों के लिए सूर्य और गुरु का नवपंचम योग भाग्य को मजबूती देने वाला साबित होगा। लंबे समय से अटके हुए सरकारी या प्रशासनिक कार्य पूरे होने की संभावना है। उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा या विदेश यात्रा से जुड़े प्रयास सफल हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और कारोबार में अच्छा मुनाफा मिलने के संकेत हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और दांपत्य जीवन में भी सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह राशि–** सिंह राशि के लिए यह योग बेहद शुभ माना जा रहा है, क्योंकि सूर्य आपकी राशि के स्वामी हैं। इस दौरान आपकी निर्णय क्षमता पहले से कहीं बेहतर होगी और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार में बड़े फैसले लेने से लाभ मिल सकता है। पैतृक संपत्ति से जुड़े विवाद सुलझने के योग हैं और संतान पक्ष से खुशखबरी मिल सकती है। सामाजिक और पारिवारिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे।

**वृश्चिक राशि–** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह नवपंचम योग आर्थिक परेशानियों से राहत दिलाने वाला रहेगा। आय के नए रास्ते खुल सकते हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है। यदि आप लंबे समय से किसी स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे हैं, तो इस दौरान सुधार महसूस होगा। पुराने निवेश या किसी योजना से अचानक लाभ मिलने के संकेत भी बन रहे हैं।

**धनु राशि–** धनु राशि के स्वामी गुरु हैं, इसलिए सूर्य के साथ उनका यह शुभ संबंध आपके लिए करियर में बड़ी प्रगति लेकर आ सकता है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या मनचाहा स्थानांतरण मिल सकता है। व्यापार में विस्तार के अवसर मिलेंगे और जिम्मेदारी भरे प्रोजेक्ट आपको सौंपे जा सकते हैं। इस समय आध्यात्मिक रुचि भी बढ़ेगी, जिससे मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति मिलेगी।

**मीन राशि–** मीन राशि के जातकों के लिए सूर्य और गुरु का यह योग आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को मजबूत करेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी और साझेदारी से जुड़े कार्यों में सफलता मिलेगी। छात्रों के लिए यह समय विशेष रूप से अनुकूल रहेगा, क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं और शिक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मिलने के योग हैं। आर्थिक और पारिवारिक दोनों ही स्तर पर संतोषजनक परिणाम मिल सकते हैं।

## खबर एक नजर...

### कट मारने की बात पर बाइक सवार अज्ञात युवकों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** बिरला अस्पताल चौराहा पर मंगलवार-बुधवार रात बाइक पर सवार लोकेश पिता किशोर कुमार माली 20 साल निवासी भानपुरा मंदसौर हाल मुकाम महाशक्ति नगर को बाइक पर सवार अज्ञात 2 युवकों ने चाकू मारकर घायल कर दिया। घायल लोकेश ने बताया कि वह घर लौट रहा था, उसी दौरान बाइक से आये 2 युवकों ने कट मारा। इसी को लेकर उनसे देखकर बाइक चलाने की बात कहीं तो उन्होने विवाद करते हुए पहले थप्पड़-मुक्कों से मारपीट की और चाकू मार दिया। वह दोनों को पहचानता नहीं है। मामले में माधवनगर थाना पुलिस ने घायल के बयान दर्ज कर अज्ञात युवकों के खिलाफ चाकू मारने का प्रकरण दर्ज कर बिरला अस्पताल चौराहा पर लगे सीसीटीवी कैमरों से उनकी पहचान करने और गिरफ्तारी की बात कहीं है।

### ईट जमाने की बात पर 2 परिवारों के बीच चले लात-घूंसे

**उज्जैन।** तराना तहसील के हेलावाड़ी में बीती रात घर के सामने ईंट जमाने की बात पर आरिफ पिता असलम खां और आमिन पिता शाकीर खां के बीच विवाद हो गया। दोनों के परिवार भी आमने-सामने हो गये और लात-घंसू चल पड़े। विवाद में महिलाएं भी आ गई। दोनों ओर से जान से मारने की धमकी दी गई। आसपास के लोगों ने मामला शांत कराया। दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक-दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करने लगे। पुलिस ने दोनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### विवाद 2 के युवकों के बीच हुआ, घायल तीसरा हो गया

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील के ग्राम नजरपुर में रहने वाले कैलाश और महेश के बीच विवाद हो गया था, दोनों एक-दूसरे के साथ गाली-गलौच कर रहे थे। कैलाश विवाद करते हुए अपने घर की छत पर चला गया और वहां से महेश पर पथराव करने लगा। इस बीच वहां से अजय पिता गोवर्धनलाल कलासिया गुजर रहा था। दोनों के बीच हो रही पत्थरबाजी में एक पत्थर अजय के सिर पर आ लगा। जिसके चलते अजय लहूलुहान हो गया, परिजन उसे उपचार के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद अजय ने घट्टिया थाने पहुंचकर घटनाक्रम बताया। पुलिस ने कैलाश के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### जयपुर-चैन्नई एक्सप्रेस से महिला यात्री का चोरी हुआ पर्स

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों के साथ होने वाली वारदातों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। अब जयपुर-चैन्नई एक्सप्रेस से महिला का पर्स चोरी होना सामने आया है। जयपुर की रहने वाली प्रभावती करनूल जाने के लिये ट्रेन में सवार हुई थी। कोच ए-1 में यात्रा के दौरान रात में नींद लग गई। जब आंख खुली तो पर्स गायब था। 5 हजार रुपए नगद, मोबाइल और दस्तावेज रखे थे। ट्रेन के इटारसी पहुंचने पर प्रभावती ने मामले की शिकायत जीआरपी पहुंच की। पूछताछ में पता चला कि पर्स उज्जैन से ट्रेन के रवाना होने के बाद चोरी हुआ है। इटारसी जीआरपी ने जीरों पर प्रकरण दर्ज कर जांच के लिये उज्जैन जीआरपी को भेजा है। पुलिस अब बदमाश की तलाश मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर रही है। ट्रेनों से यात्रियों के साथ होने वाली वारदातों में सबसे खास बात यह सामने आ रही है कि बदमाश एसी कोच तक पहुंच रहे है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 670-3 | 135-9 |
| मेन बाजार | 889-5 | 123-6 |
| मिलन डे | 347-4 | 169-6 |
| मिलन नाइट | 359-7 | 359 -7 |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | 5 | 6 |

### क्षेत्र के युवक ने लाठी से किया हमला, पुलिस ने लिया हिरासत में

# सेवानिवृत्त 85 साल के प्राचार्य की हत्या

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शासकीय माध्यमिक विद्यालय से सेवानिवृत्त 85 साल के प्राचार्य की बुधवार को हत्या कर दी गई। युवक ने लाठी से सिर पर 5 से 6 बार वार किये थे। पुलिस ने कुछ देर बाद ही आरोपी को हिरासत में ले लिया। जिसके खिलाफ हत्या की धारा में प्रकरण दर्ज किया गया है।

भैरवगढ़ क्षेत्र के पिपली बाजार स्थित गणेश मंदिर के पास रहने वाले रमाशंकर शर्मा 85 साल शासकीय माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। बुधवार दोपहर पैदल घर से सिद्धवट की ओर जा रहे थे। घर से आगे दूसरी गली तक पहुंचे थे, उसी दौरान मोहन तंवर नामक युवक ने पीछे से उनके सिर पर लाठी से 5 से 6 बार वार किया। रमाशंकर शर्मा लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े। लोगों ने उन्हे बचाने का प्रयास किया और हमलावर युवक को भगाया। परिवार उन्हे उपचार के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां कुछ घंटे चलते उपचार के बाद शाम 5 बजे के लगभग उनकी मौत हो गई। सेवानिवृत्त प्राचार्य की लाठी से हमला कर हत्या की खबर मिलते ही पुलिस घटनास्थल पहुंची। हमला करने वाले मोहन तंवर को बमुश्किल हिरासत में लिया गया और थाने लाया गया। थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजावत ने बताया कि मामले में हत्या की धारा 103 बीएनएस में प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। निजी अस्पताल से शव चरक अस्पताल लाया गया है। गुरूवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।



- **चार माह पहले हुआ था पत्नी का निधन-** जानकारी सामने आई है कि मृतक रमाशंकर शर्मा की पत्नी का चार माह पहले ही निधन हुआ था। उनकी बेटी भी उज्जैन में रहती है, दोपहर उसकी के घर जाने के लिये निकले थे। घर के सामने रास्ता खुदा होने पर वह पास वाली गली से होकर गुजर रहे थे। उसी दौरान मोहन ने उन पर हमला कर दिया। रमाशंकर शर्मा के निधन की खबर शाम को जैसी ही क्षेत्र के लोगों को लगी माहौल गमगीन हो गया था। उनके घर और अस्पताल में लोगों की भीड़ जमा हो गई थी।
- **आरोपी का दिमागी संतुलन नहीं है ठीक-** बताया जा रहा है कि हत्या करने वाले आरोपी का दिमागी संतुलन ठीक नहीं है। उसकी हरकतों के चलते कुछ समय पहले परिवार भी उसे छोड़कर चला गया है। आरोपी अकेला रहता है। वहीं जानकारी सामने आई कि आरोपी को दिवंगत प्राचार्य ने पढ़ाया भी था। आरोपी घर के बाहर बैठा रहता है और क्षेत्र से गुजरने वाले हर किसी को डंडा लेकर मारने के लिये दौड़ता है। एएसपी आलोक शर्मा के अनुसार आरोपी का दिमागी संतुलन ठीक है या नहीं इसकी मेडिकल जांच कराई जायेगी।

# पांच सौ रुपए लेकर जमानत देने पहुंचा था न्यायालय

### पूछताछ में पकड़ाया, पुलिस ने लिया रिमांड पर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बिजली विभाग के प्रकरण में आरोपी बनाये गये युवक की जमानत देने के लिये 500 रुपए लेकर न्यायालय के साथ छल करने वाला पूछताछ में पकड़ा गया। न्यायालय की ओर से पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने गलत तरीके से जमानत देने वाले को रिमांड पर लेकर पूछताछ शुरू की है।

माधवनगर थाना एसआई अंकित बनोधा ने बताया कि न्यायालय में बिजली विभाग द्वारा बनाये गये प्रकरण में सलमान को आरोपी बनाया था। जिसकी मंगलवार को न्यायालय में पेशी थी। सलमान ने अपनी जमानत के लिये लक्ष्मण पिता मन्ना भूरिया निवासी नौगांव कालिया झाबुआ के नाम की भूअधिकार एवं ऋण पुस्तिका प्रस्तुत करवाई। न्यायालय ने जमानत देने वाले लक्ष्मण से से आरोपी को पहचानने का सवाल किया तो उसने पहचानने से इंकार कर दिया और बताया कि जमानत के लिये उससे पांच सौ रुपए मिले है। न्यायलय के साथ छल करने पर मामले की सूचना माधवनगर पुलिस को मिली। पुलिस ने विशेष एवं पंचम अपर सत्र न्यायाधीश परिसर पहुंचे जमानत देने वाले को हिरासत में लिया और उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) का अपराध दर्ज किया। बुधवार को उसे न्यायालय में पेश 1 दिन की पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। लक्ष्मण से पूछताछ में पता चला कि वह काम की तलाश में आया हुआ है। उसे एक व्यक्ति मिला था, उसने जमानत देने के लिये कहा था और रुपए दिये थे। एसआई बनोधा के अनुसार मामले में जांच की जा रही है। लक्ष्मण से पूछताछ में तथ्य सामने आने पर अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया जायेगा।

# एसपी ने शासकीय वाहन देख आरक्षक को दिया इनाम

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले के थानों का एसपी लगातार औचक निरीक्षण कर रहे है। बुधवार को महाकाल थाना पहुंचे, जहां शासकीय वाहन का सुरक्षित संचालन और स्वच्छता देख उन्होने आरक्षक को नगद इनाम से पुरूस्कृत किया।

एसपी प्रदीप शर्मा थाना स्तर पर कानून व्यवस्था की स्थिति, अभिलेखों का संधारण, स्वच्छता और अनुशासन के साथ आमजन को उपलब्ध कराई जा रही पुलिस सेवा का औचक निरीक्षण कर रहे है। इसी क्रम में वह महाकाल थाना भवन की व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान सीएसपी राहुल देशमुख, थाना प्रभारी गगन बादल और पूरा स्टॉफ अलर्ट दिखाई दिया। एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण करते हुए कार्यालयीन कक्ष, रिकॉर्ड शाखा, मालखाना, हवालात, आगंतुक कक्ष का अवलोकन किया गया। थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासित वातावरण बेहतर मिला। निरीक्षण के दौरान उन्होने शासकीय वाहन को देखा। जो काफी उत्कृष्ट नजर आया। वाहन का संचालन सुरक्षित और स्वच्छता के साथ किया जा रहा था। उन्होने वाहन की देखरेख करने वाले की जानकारी थाना प्रभारी से प्राप्त की तो आरक्षक प्रहलाद बामनिया का नाम सामने आया। एसपी ने आरक्षक की प्रशंसा करते हुए मौके पर 500 रुपए के नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। उन्होने निर्देश दिये कि लंबित प्रकरणों, अपराध नियंत्रण, विवेचना की प्रगति और क्षेत्र की कानून व्यवस्था को बनाये रखे। वहीं कहा कि थाना क्षेत्र देशभर की आस्था के सबसे महाकाल मंदिर का केन्द्र है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के साथ संवेदनशीलता, शालीन व्यवहार को कायम रख उनकी समस्याओं के लिये त्वरित सेवा प्रदान करें। महाकाल थाना भवन का निरीक्षण करने से पहले एसपी शर्मा एक दिन पहले महिदपुर और तराना थाना भवन का निरीक्षण करने भी पहुंचे थे।




### अब तक 5 से 6 लोग पहुंचे थाने, बढ़ सकती है आरोपियों की संख्या

# गिरफ्त में आई लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

होम लोन दिलाने के नाम पर लोगों से हजारों की राशि ठगने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके ऑफिस से कई लोगों के दस्तावेज जप्त किये गये है। पुलिस जांच में उसके सहयोगियों की संख्या आरोपियों के रूप में बढ़ सकती है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण करील ने बताया कि 18 जुलाई 2025 को ग्राम नरवर की रहने वाली सोनू सोलंकी द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि विद्यापति नगर में रहने वाली प्रीति उर्फ वैदिका दुबे एसएसएफएस एडवाइजरी प्रायवेट लिमिटेड कंपनी संचालित करती है। उसने होम लोन दिलाने के नाम पर 45 हजार रुपए की धोखाधड़ी की है। शिकायत की जांच पूरी करने के बाद मामले में 318 (4), 316 (5), 296, 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं सोमवार को प्रीति उर्फ वैदिका को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश कर रिमांड मांगा गया। रिमांड मिलने पर उसके आफिस से शिकायतकर्ता के 16 चैक, आधार कार्ड, पैनकार्ड, बैंक दस्तावेज अन्य फर्जी दस्तावेज भी जप्त किये गये। थाना प्रभारी के अनुसार प्रीति उर्फ वैदिका की धोखाधड़की का शिकर कुछ ओर पीड़ित थाने पहुंचे है। अब तक 5 से 6 लोग सामने आ चुके है, जिनके साथ ठगी की गई है। बुधवार को रिमांड खत्म होने पर आरोपिया को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया है। मामले की जांच जारी है उसके सहयोगियों का पता किया जा रहा है, प्रकरण में आरोपियों की संख्या बढ़ सकती है।



### झूठे प्रकरण में फंसाने की देती थी धमकी

ठगी का शिकार हुई शिकायत करने वाली सोनू सोलंकी ने पुलिस को बताया था कि होम लोन दिलाने का झांसा देकर प्रीति उर्फ वैदिका ने पहले अपने बातों में उलझा लिया था। फाइल चार्ज और दस्तावेज तैयार करने के लिये उसने अलग-अलग तारीख में फोन पे के माध्यम से 45 हजार से अधिक रुपए लिये। जब लोन नहीं दिला पाई तो उससे 45 हजार लौटाने की बात कहीं। उसने अपने कार्यालय से गाली-गलौच कर बाहर निकाल दिया और झूठे केस में फंसाने की धमकी देने लगी है।

### जिनकी सिविल खराब उन्हे देती थी झांसा

बताया जा रहा है लोन दिलाने की नाम पर ठगी करने वाली आरोपिया ऐसे लोगों को अपने झांसे में लेती थी, जिनकी बैंकों में सिविल खराब है। उन्हे लोन दिलाने की बात कहकर फाइल चार्ज और अन्य दस्तावेज तैयार करने के नाम पर 30 से 40 हजार रुपए वसूल लेती थी। कुछ दिनों बाद उन्हे लोन पास नहीं होना बताकर रुपए ठग लेती थी। पुलिस के अनुसार आरोपिया वर्ष 2016 से इस तरह का काम कर रही है। संभवतः पूर्व में उसकी धमकी के चलते लोग सामने नहीं आये थे।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com